bible educational services

शिक्षक केलिए दिशा-निर्देश

बाइबल टाइम लेवल 1 & 2

C सीरीज़

पाठ 1-6

www.besweb.com

शिक्षक केलिए दिशा- निर्देश।

यह दिशा-निर्देश उन शिक्षकों केलिए प्रकाशित किए है जो बाइबल टाइम सिखाते है। इस पुस्तिका को लेवल 3 लगभग 11-13 के आयु के बच्छो को पठाने में इस्तमाल कर सकते है।

हर एक टिचिन्ग गाइड में वही बाइबल पद का अनुकरण किया है जो बाइबल टाइम पाठ में दिए गए है। बाइबल टाइम पाठ और गाइडलाइन्स साप्ताहिक आधार पर उपयोग करने केलिए बनाया गया है। आप्रैल के पाठ क्रिस्मस से सम्बन्धित है।

कई क्षेत्रों में A4 पाठ और दूसरे क्षेत्रों में A5 पुस्तिका को जिसमे 24 पाठ शामिल है असका उपयोग करते है। आम तौर पर शिक्षक A4 मासिक पाठ का वितरण करेंगे ओर एक हफ्तें में एक पाठ को विध्यालय, गिरिजाघर, या अपने घर ले जाकर पूरा करके वापस लौटाना चाहिए। हर महीने के अन्त में शिक्षक पाठ को इकट्ठा करके जाँचने के बाद जल्द ही लौटाना चाहिए।

आदर्शरूप में पुस्तिका इस्तमाल करते वक्त सत्र के अन्त में जाँच करने केलिए इकट्ठा करते है। हम समझ सकते है कि कई परिस्थितियों में यह असम्भव है। ऐसे स्थिति में पुस्तिका को कक्षा के दुसरे बच्चों में वितरण करके उन से जाँच करवाया जा सकता है। पुस्तिका के पीछे हर महीने का अन्क लिखने और बच्चों की प्रगति के बारे में टिप्पणी लिखने का स्थान दिए गए है। एक प्रमाण पत्र भी है जिसे अलग करके छः महीनों में प्राप्त किए कुल अन्क लिखकर बच्चों को देने है।

शिक्षक केलिए तैयारी

हम आदेशात्मक नही होने चाहते जिसकी वजह से शिक्षक को अपने विचारों और तरीको से सिखाने का अवसर न मिले। यह बाइबल टाइम सिखाने केलिए सिर्फ एक सूझाव है।

- **कहानी से सुपरिचित होना** - शिक्षकों को बाइबल कहानियों और उससे जुडे बाइबल टाइम पाठ से अच्छी तरह से सुपरिचित होना चाहिए। शिक्षक को पहले पाठ पूरा करना चाहिए। हर एक पाठ की दिशा-निर्देशों को ध्यान से पढकर नियोजन सहायता के रूप में भी इस्ततमाल करना चाहिए।
- **विषय को समझना** -हर एक पाठ के आरम्भ में अपने यह वाक्य देखा होगा - "हम सीख रहे हे कि" उसके बाद सीखने के दो उदेश्य भी दिए गए है जो हमे उम्मीद है कि शिक्षक के प्रस्तुति और बच्चे बाइलब टाइम को पूरा करने पर उन्हे समझ आएंगे। सीखने का पहला उदेश्य है विषय के बारे में ज्ञान प्राप्त करना और दूसरा उदेश्य है बच्चे को इस ज्ञान के बारे में सोचने, प्रयोग करके अनुक्रिया देने केलिए प्रोत्साहन देना। यह निर्देशन पाठ में दिए गए मुख्य विषय सत्य का सूक्षम वक्तत्य है। इसे शिक्षक अपने पढाने और सीखने के अपने व्यक्तिगत मूल्यान्कन केलिए उपयोग कर सकते है।
- **परिचय कराना** - हर पाठ के आरम्भ में उन परिस्थितियों में बच्चों के अपने अनुभव के बारे में पूछकर शुरु करना चाहिए। बच्चों को पाठ का परिचय कराने केलिए कई तरीको का सुझाव दिए गए है। जिसके सहायता से कहानी की प्रारम्भ के बारे में बच्चे सम्वातात्मक चर्च कर सकेंगे।
- **पढाना**- कहानी की मुख्य सारांश हमने दिए है। हम यह नही चाहते की पढाते वक्त शिक्षक इसे देखे। हम चाहते है की शिक्षक इस पाठ से इतना परिचित हो ताकि मनेरन्जक और प्रेरणापद तरीके से बच्चों को वह सीखा पाऐंगे। शिक्षक यह चाहेंगे की बच्चे कहानी की मुख्य पाठ को समझे और उस कहानी को सीखने के बाद अनुक्रिया दे। कई प्रधान व्यख्यों को हम तिरछे अक्षरों में लिखे है।
- **सीखना** –हर एक कहानी में एक मुख्य पद दिए गए है। कई जगह दो पद दिए है। हम चाहते है की बच्चों को अक्सर मुख्य पद याद दिलाते रहे ताकि उन्हे बाइबल पदों के बारे में ज्ञान प्राप्त हो।
- **पूरा करे -** एक विध्यालय कि माहोल में बच्चो की सामर्थ्य और शिक्षक की तरह से दिए जाने वाले मदद के बारे में हमे पता होता है। कई बच्चों केलिए ज़रूरी है की शिक्षक उन्हे पाठ पढ के सुनाए। अन्य बच्चों स्वयं पढ सकते है। दोनों हाल में यह अच्छा होगा अगर बच्चों का ध्यान हम सवालों से सम्भन्धित निर्देशों के और खीच सके। अगर आप स्कूल से बाहर बाइबल टाइम सीखा रहे हो तो यह बहुत ज़रूरी है कि आप मदद केलिए मौजूद हो ताकि बच्चों को यह न लगे की यह एक बहुत ही मुश्किल काम या परीक्षा है। पढाते वक्त उसे मज़ेदार बनाना प्रोत्साहित करना और तारीफ करना अनिवार्य है।

- **याद करना**- पाठ को दोहराते वक्त पहेली या अभिनय द्वारा उसे मनोरंज़क बनाए ताकि बच्चों को वह हमेशा याद रहे।

1. मुख्य पद को सिखाना

पद को कागज़ या बोर्ड में लिखे और जैसे बच्चे उसे दोहरराते है पद से एक-एक पद करके निकाले ताकि अन्त में पूरा पद को निकाल दिया जाए और बच्चे उन्हे बिना देखे दोहराए।

2. मुख्य पद को परिचय कराने केलिए

A. बच्चों को दो झुण्ड में डालेः एक झुण्ड को कई अक्षर लिखे हुए परचियाँ दे और दुसरे झुण्ड को खाली परचे। बच्चे आपस में मिलकर उसे पूरा करे और सीखे।

B. सबसे पहले जो बच्चा बाइबल में यह पद ढूँढे वह जोर से उसे पढे।

समय योजना

क्रमः हर पाठ केलिए हम एक ही क्रम दिए है। लेकिन शिक्षक चाहे तो इच्छा अनुसार बदल सकते है।

1. प्रस्तुतीकरण और कहानी को सुनाना - लगभग 15 मिनट
2. मुख्य पद को पढाना - 5-10 मिनट
3. कार्य-पत्र को पूरा करना - 20 मिनट
4. सवाल-जवाब और दूसरे क्रियाकलाप - 5-10 मिनट

हमेशा यह कहावत याद रकनाः

"मुझे सुनाईए, मैं भूल सकता हूँ,
'मुझे दिखाईए, मैं याद रखूँगा,
मुझे शामिल करे, मैं सीख लूँगा।"

बाइबल टाइम पाठ्यक्रम

	लेवल 0 (प्री स्कूल) लेवल 1 (उम्र 5-7) लेवल 2 (उम्र 8-10)	लेवल 3 (उम्र 11-13)	लेवल 4 (उम्र 14+)
सीरीज़ A	1. सृष्टी 2. नूह 3. पतरस 4. पतरस- क्रूस 5. अब्राहम 6. अब्राहम 7. पतरस 8. पतरस 9. याकूब 10. प्रथम ईसाई 11. पौलूस 12. क्रिसमस की कहानी	1. सृष्टी 2. नूह 3. पतरस 4. पतरस- क्रूस 5. पतरस 6. अब्राहम 7. याकूब 8. प्रार्थना 9. पौलूस 10. पौलूस 11. पौलूस 12. क्रिसमस की कहानी	1. सृष्टी और पाप 2. उत्पत्ति 3. पतरस 4. पतरस- क्रूस 5. पतरस 6. अब्राहम 7. याकूब 8. मसीही जीवन 9. पौलूस 10. पौलूस 11. पौलूस 12. क्रिसमस की कहानी
सीरीज़ B	1. मसीह का प्रारम्भीक जीवनकाल 2. अलौकिक कर्म 3. बैतनिय्याह 4. क्रूस 5. दृष्टान्त 6. यूसुफ 7. यूसुफ 8. यीशु ने मिले लोग 9. मूसा 10. मूसा 11. मूसा 12. क्रिसमस की कहानी	1. दृष्टान्त 2. अलौकिक कर्म 3. बैतनिय्याह 4. क्रूस 5. प्रथम ईसाई 6. यूसुफ 7. यूसुफ 8. सुसमाचार के लेखक 9. मूसा 10. मूसा 11. मूसा 12. क्रिसमस की कहानी	1. दृष्टान्त 2. अलौकिक कर्म 3. बैतनिय्याह 4. क्रूस 5. प्रथम ईसाई 6. याकूब और परिवार 7. यूसुफ 8 प्रेरितों 2:42 आगे की और 9. मूसा 10. मूसा 11. व्यवस्था 12. क्रिसमस की कहानी
सीरीज़ C	1. दानियेल 2. और अलोकिक कर्म 3. यीशु ने मिले लोग 4. मसीह की मौत 5. रूत और शमुएल 6. दाऊद 7. दाऊद 8. यहोशू 9. एलिय्याह 10. एलिय्याह 11. योना 12. क्रिसमस की कहानी	1. दानियेल 2. यीशु ने मिले लोग 3. और अलोकिक कर्म 4. मसीह की मौत 5. रूत 6. शमूएल 7. दाऊद 8. यहोशू 9. एलिय्याह 10. एलिय्याह 11. परमेश्वर द्वारा उपयुक्त लोग (पुराना नियम) 12. क्रिसमस की कहानी	1. दानियेल 2. यीशु की कहावत 3. प्रभु की शक्ति 4. मसीह की मौत 5. रूत 6. शमूएल 7. दाऊद 8. यहोशू 9. एलिय्याह 10. एलिय्याह 11. पुराने नियम के और किरदार 12. क्रिसमस की कहानी

C1 कहानी 1

दानिय्येल - पराया देश - गलत चीजों को करने से इन्कार करके परमेश्वर को प्रसन्न करना।

	हम सीख रहे हैं किः 1. परमेश्वर ने दानिय्येल और उसके दोस्तों को उसके प्रति वफादार होने के बदले में पुरस्कृत किया। 2. चीजें मुश्किल होने पर भी हमें परमेश्वर के प्रति वफादार होना चाहिए। **मुख्य पद : *दानिय्येल 1:20*** **बाइबल अनुभाग : *दानिय्येल 1: 1-21***
पहचान कराने	निम्नलिखित कहानी बताएं और बच्चों से पूछें कि क्या उन्हें कभी भी ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ा था। उनके शिक्षक ने उन्हें बताया था कि उन्हें एक परीक्षा लिखना होगा। सुनीता के दोस्तों परीक्षा के लिए तैयार नहीं थे, इसलिए उन्होंने बाग़ में जाकर छिपने का फैसला किया। सुनीता के दोस्त चाहते थे कि वह उनके साथ आ जाए लेकिन वह नहीं गयी। वह जानती थी कि अगर वह स्कूल नहीं जाती तो उसके माता-पिता उससे नाराज होंगे। सुनीता के दोस्तों ने उसका मजाक उड़ाया और उसे बताया कि अगर उसने उन्हें इस वक्त छोड़ा तो वे आगे उसके दोस्त नहीं होंगे। सुनीता को क्या करना चाहिए? उसने इसके बारे में ध्यानपूर्वक सोचा। वह जानता था कि भले ही कोई परीक्षा लिखना हो और उसके दोस्त उसे छोड़ दें फिर भी स्कूल जाने ही सही काम था। स्कूल पहुँचने पर उसने परीक्षा लिखी, प्रश्न पत्र में बहुत सारे कड़े प्रश्न थे लेकिन सुनीता ने अपनी पूरी कोशिश की और उन्होंने बहुत अच्छी तरह से लिखी। सुनीता खुश थी कि उसने सही काम किया खासकर जब उसके दोस्तों मुसीबत में पड़े जब उनके माता-पिता को पता चला कि उन्होंने क्या काम किया था।
सिखाने	1. दानिय्येल और उसके दोस्त, हनन्याह, मिशाएल, अजर्याह अन्य इस्राएली के साथ बंदी बनाये गये और बेबीलोन नामक एक जगह ले जाया गया था। बेबीलोन के राजा, नबूकदनेस्सर ने अच्छी तरह से देखभाल करने का आज्ञा दिया। उन्होंने उन्हें तीन साल तक एक विशेष स्कूल में भेजा जहां उन्हें बेबीलोनियन की भाषा, शास्त्र और संस्कृति में प्रशिक्षित किया जाएगा। बच्चों से यह कल्पना करने के लिए कहें कि उन उस वक्त कैसे लगा होगा। ***(दानिय्येल 1: 1-4)*** 2. दानिय्येल और उसके दोस्तों को नए बेबीलोनियन नाम दिए गए। और नबूकदनेस्सर राजा ने उन्हें अपनी मेज से भोजन प्रदान करने का आदेश दिया। वह चाहते थे कि वे स्वस्थ और मजबूत हों ताकि वे उसे अपने महल की सेवा करवा सकें। नबूकदनेस्सर राजा चाहते थे कि दानिय्येल और उसके दोस्त अपने घर और एक ही, सच्चा परमेश्वर जिसका उन्होंने अब तक सेवा किया था उस सब के बारे में भूल जाएं ***(दानिय्येल 1: 5-7)*** 3. दानिय्येल और उसके दोस्तों ने परमेश्वर से प्यार करते थे। और उनका आदेश का पालन करना चाहता था भले ही, वे एक विदेशी देश में थे जहां के लोग इस परमेश्वर का अनुसरण नहीं करते थे। वे जानते थे कि अन्य देवताओं को अर्पित किये गए राजा के भोजन उन्हें खाना नहीं चाहिए। चर्चा करें कि परमेश्वर के प्रति वफादार होने का अर्थ क्या है। किसी भी मुश्किल परिस्थिति में और जब दुसरे लोग चाहते हैं कि हम कुछ अलग करें तब भी हमें हमेशा वही करना चाहिए जो परमेश्वर चाहता है। 4. राजा के सहायक भी चिंतित थे। क्या होगा अगर दानिय्येल और उसके दोस्त राजमन्दिर की अन्य युवकों के तुलना में मजबूत और स्वस्थ नहीं दिखे? ***(दानिय्येल 1: 8-10)*** 5. उसकी देखभाल करने के लिए दानिय्येल पमेश्वर पर भरोसा करता था और एक विशेष परीक्षण तैयार किया। उसने राजा के सेवकों से उन्हें केवल सब्जियां और पानी देने के लिए कहा। जब नियुक्त समय आया तो राजा के नौकर दानिय्येल और उसके दोस्तों को राजा के भोजन खाने वाले युवकों की तुलना में स्वस्थ और मजबूत दिखने से आश्चर्यचकित हुए। ***(दानिय्येल 1: 11-15)*** 6. तब से दानिय्येल और उसके दोस्तों को केवल सब्जियां और पानी दिया गया था। परमेश्वर दानिय्येल और उसके दोस्तों के साथ था और उन्हें उनकी ईमानदारी के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने उन्हें ज्ञान दिया और सपनों की व्याख्या करने के लिए दानिय्येल की मदद की। ***(दानिय्येल 1: 16,17)*** 7. तीन साल समाप्त होने के बाद सभी युवकों को राजा के सामने खड़े होने के लिए लाया गया। सभी यवकों में राजा ने दानिय्येल और उसके तीन दोस्तों को सर्वश्रेष्ठ पाया। उन्होंने उन्हें ज्योतिषियों और तान्त्रियों की तुलना में दस गुणा बेहतर पाया। उनके प्रति वफादार होने के लिए परमेश्वर ने दानिय्येल और उसके दोस्तों को पुरस्कृत किया। इस बात पर ज़ोर दें कि राजा को अवज्ञा करने के लिए संभवतः दंडित किए जाने के दर के बावजूद उन्होंने परमेश्वर को पहले रखा ***(दानियल 1: 18-21)*** **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	जहां भी आवश्यक हो वहां मुख्य पद को सिखाये और व्याख्या कीजिए - ***दानिय्येल 1: 20***
याद करने	एक नाटक बनाएं और बच्चों से दानिय्येल, उसके तीन दोस्तों, राजा नबूकदनेस्सर, राजा के नौकरों और अन्य युवा पुरुषों की भूमिका निभाना के लिए कहे।

C1 कहानी 2

नासरत में बड़ा होना - यह कहानी यीशु के बचपन के बारे में है

हम सीख रहे हैं किः

1. शद्रक, मेशक, अबेदनगो ने परमेश्वर पर भरोसा किया और उनका आज्ञा का पालन किया।
2. हमारे क्लेश/परीक्षा में हमारे साथ रहना के लिए हम परमेश्वर पर भरोसा कर सकते हैं।

मुख्य पद : *दानिय्येल 3: 17*

बाइबल अनुभाग : *दानिय्येल 2: 48,49 ; 3: 1-30*

पहचान कराने

तम क्या करोगे? बच्चों से यह विचार करने के लिए कहें कि वे ऐसे कुछ दुविधाओं में क्या करेंगे। उदाहरण के लिए, एक बड़ा लड़का जिसे आप जानते हैं जो कहता है कि अगर आप उसके लिए कुछ पैसे चुराते हैं तो उसके दोस्त बन सकते हैं। आपको क्या करना चाहिये? चर्चा करें कि कौनसा चुनाव परमेश्वर को पसंद करेगा और उसके वचन का अनुसार आज्ञाकारी होता है।

सिखाने

1. शद्रक (हनन्याह), मेशक (मिशाएल), अबेदनगो (अजर्याह) बेबीलोन में रहने वाले इब्री पुरुष थे। (कहानी 1 में घटनाओं के बारें में बच्चों को याद दिलाना) वे एक, सच्चे परमेश्वर में विश्वास करते थे और उनका आज्ञापालन करना चाहते थे। परमेश्वर ने उन्हें बेबीलोन में बहुत महत्वपूर्ण पुरुष बनने में मदद की है ***(दानिय्येल 2: 48,49)***
2. नबूकदनेस्सर राजा ने एक सोने का मूर्ति बनाई। यह नब्बे फीट ऊंचा और नौ फट चौड़ा था। उसने शद्रक, मेशक, अबेदनगो और अपने राज्य के सभी महत्वपूर्ण लोगों सहित एक विशेष समारोह में आने के लिए आदेश दिया। राजा ने आदेश दिया कि संगीतकारों के बाजों का शब्द सुनने पर सारे लोग मूर्ति का दण्डवत करके उसकी पूजा करना चाहिए। जो भी दण्डवत नहीं करेंगे उन्हें आग की भट्ठी में फेंक दिया जाएगा। ***(दानियल 3: 1-6)***
3. जब संगीत का शब्द सुना तो शद्रक, मेशक, अबेदनगो के अलावा सभी ने दण्डवत करके मूर्ति की पूजा की। वे परमेश्वर के वचन जानते थे और यह भी की उन्होंने आदेश दिया है कि उनके लोग मूर्तियों को दण्डवत नहीं करना चाहिए। शद्रक, मेशक, अबेदनगो परमेश्वर की अवज्ञा नहीं करेगा, भले ही उसे अग्नि भट्ठी में फेंक दिया जाए। ***(दानिय्येल 3: 7)***
4. कई कसदी पुरुष ने राजा से कहा कि शद्रक, मेशक, अबेदनगो ने मूर्ति को दण्डवत नहीं किया था। वह क्रोधित हुए! उसने कहा कि उन्हें झुकना चाहिए और अपनी मूर्ति की पूजा करना चाहिए या वह उन्हें भट्ठी में फेंक देगा। उन्होंने उनसे कहा कि कोई भी परमेश्वर उन्हें बचाने के लिए पर्याप्त मजबूत नहीं होगा ***(दानिय्येल 3: 8-15)*** बच्चों से पूछे कि उन्हें इन पुरुषों को बचाने के लिए कौन पर्याप्त लगता है।
5. तीन पुरुषों ने जवाब दिया, 'हमारा परमेश्वर जिसकी हम उपासना करते हैं, वह हम को उस धधकते हुए भट्ठे की आग से बचने की शक्ति रखता है; वरन् हे राजा, वह हमें तेरे हाथ से भी छुड़ा सकता है।' नबूकदनेस्सर राजा ने भट्ठे को सात गुणा ज्यादा गर्म करने का आदेश दिया। फिर उन तीन पुरुषों को आग की भट्ठी में फेंक दिया गया। ***(दानिय्येल 3: 16-23)***
6. तब राजा आश्चर्यचकित हो गया। उसने तीन पुरुषों को भट्ठी में फेंकने का आदेश दिया था लेकिन उन्हें चार लोगों को आग के बीच हानि पहंचे बिना खुले हुए टहलते देखा। उसने सोचा कि चौथा पुरुष का स्वरूप 'इश्वर के पुत्र' जैसा दिखता है ***(दानिय्येल 3: 24,25)***
7. नबूकदनेस्सर राजा ने उन्हें आग से बाहर आने का आदेश दिया। पुरुषों को कोई हानि नहीं पहुंचा था। राजा ने परमेश्वर की प्रशंसा की, यह कहकर की परमेश्वर पर भरोसा करके उनके आदेश का पालन करने से परमेश्वर ने उन्हें बचाया था। वह जानता था कि कोई अन्य देवता इस तरह से अपने लोगों को बचा नहीं सकता है। उन्होंने शद्रक, मेशक, अबेदनगो को अपने राज्य में उच्च पद दिया। ***(दानिय्येल 3: 26-30)***
8. समझाओ कि परमेश्वर चाहता है कि हम पूरी तरह से उसका पालन करें और उस पर भरोसा करें। इसका मतलब है कि हमें परमेश्वर के वचन को जानकर उसके आदेशों को समझने की आवश्यकता होगी। उसने वादा किया है कि हर खतरनाक ौर बुरे समय में भी वह हमेशा हमारे साथ रहेगा। वह हमें बचाने में सक्षम है! ***(यशायाह 43: 2*** पढ़े)

बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।

सीखने

मुख्य पद जो कहानी का भाग है उसे सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए। ***दानिय्येल 3: 17***

याद करने

निम्नलिखित प्रश्न पूछें:

1. कहानी की तीन पुरुषों के नाम क्या थे?
2. राजा का नाम क्या था?
3. राजा ने क्या बनाया?
4. क्या आपको लगता है कि राजा की मूर्ति बनाने से परमेश्वर खुश थे? क्यों नहीं?
5. जो लोग मूर्ति को दण्डवत नहीं करते उनके साथ क्या होगा?
6. तीन पुरुषों ने परमेश्वर का आज्ञापालन करना चुना। आज्ञापालन का क्या मतलब है?
7. भट्ठी में फेंक दिए गए पुरुषों के साथ क्या हुआ?
8. क्या आप कुछ तरीकों के बारें में सोच सकते हैं जिससे हम परमेश्वर का आज्ञापालन कर सकते हैं?

C1 कहानी 3

दानिय्येल - खुली खिड़की - दानिय्येल की ईमानदारी और कैसे वह परमेश्वर से प्रार्थना करता था।

	हम सीख रहे हैं कि: 1. दानिय्येल के दुश्मन उससे ईर्ष्या रखते थे। उन्होंने उसे सिंहों की गुफा में फेंकने की योजना बनाई। 2. अगर हम दानिय्येल की जैसे परमेश्वर से प्यार करते हैं, हमें अपनी पूरी कोशिश करके उन्हें प्रसन्न करने की कोशिश करनी चाहिए और हर समय ईमानदार होना चाहिए। **मुख्यपद : *दानिय्येल 6:16*** **बाइबल अनुभाग : *दानिय्येल 6: 1-16***
पहचान कराने	बच्चों को चिड़ियाघर की उनकी यात्रा के बारे में पूछें। उन्हें शेर के बारे में बताने को कहें कि शेर कितना मजबूत और खतरनाक है। और यह भी पूछें कि अगर उन्हें शेर की गुफा में डाल दिया गया तो वे कैसा महसूस करेंगे। आज की कहानी में परमेश्वर शेरों का मुंह बंद करने जा रहा है।
सिखाने	1. बेबीलोन में अब एक नया राजा था, दारा। बेबीलोन में तीन अधिपति थे, और दानिय्येल उनमें से एक था ! दानिय्येल ने कड़ी मेहनत की और अपना काम बहुत अच्छे तरीके से किया। राजा दारा उन्हें अन्य अधिपतियों के अधिकारी बनाना चाहता था। ***(दानिय्येल 6: 1-3)*** 2. जब दूसरे पुरूषों ने यह सुना तो दानिय्येल से उनकी ईर्ष्या में बहुत वृद्धि हुई। वे नहीं चाहते थे कि उन्हें पदोन्नत किया जाए। ईर्ष्या क्या है? क्या आपको लगता है कि परमेश्वर इस तरह की ईर्ष्या से प्रसन्न होंगे? उन्होंने राजा को ऐसे कुछ बताने के बारे में सोचने के बारें में सोचा जिससे राजा दानिय्येल को नापसंद करें। उदाहरण, क्या दानिय्येल ने कभी राजा से झूठ बोला था या उससे चोरी की थी? उन्होंने बहुत सोचा लेकिन वे राजा दारा को बताने के लिए कुछ भी नहीं सोच सके। वे जानते थे कि दानिय्येल ईमानदार और भरोसेमंद था। ***(दानिय्येल 6: 4)*** जब एक व्यक्ति भरोसेमंद है, वह जो भी कहते है उसे पूरा करने के लिए उन पर भरोसा किया जा सकता है। समझाओ कि यह एक विशेषता है जो परमेश्वर चाहता हैं अपने अनुयायियों में हो। 3. दानिय्येल के दुश्मनों को उसे बुरा दिखाने के लिए कोई और तरीके के बारें में सोचना था। वे जानते थे कि दानिय्येल अक्सर परमेश्वर से प्रार्थना करता था। उन्होंने दानिय्येल के लिए एक जाल बिछाने का फैसला किया। वे राजा दारा के पास गए और उनसे एक नया नियम बनाने के लिए कहा। 30 दिनों के लिए सभी लोग केवल राजा से ही प्रार्थना करनी चाहिए और अगर एक व्यक्ति किसी और से प्रार्थना करता है उन्हें सिंहों की गुफा में फेंक दिया जाएगा। राजा सहमत हो गया और नए कानून पर हस्ताक्षर किया ***(दानिय्येल 6: 5-9***) 4. दानिय्येल ने नए कानून के बारे में सुना। वह जानता था कि यह एक जाल था। लेकिन अपने देखभाल के लिए उसने परमेश्वर पर भरोसा किया। प्रार्थना उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण थी, और भले ही वह जानता था कि यह खतरनाक था लेकिन हमेशा की तरह वह अपने कमरे में गया और दिन में तीन बार प्रार्थना की। मसीही के जीवन में प्रार्थना का महत्व के बारें में चर्चा करें। उसके दुश्मनों ने दानिय्येल को प्रार्थना करते 5. राजा बहुत परेशान था ! वह दानिय्येल को शेर की मांद में फेंकना नहीं चाहता था। लेकिन क़ानून को बदला नहीं जा सकता था। दानिय्येल की मदद करने के लिए वह कुछ भी नहीं कर सकता था। राजा ने आज्ञा दी कि दानिय्येल को लाकर सिंहों की गुफा में फेंक दिया जाए। उसने दानिय्येल से कहा, 'तेरा परमेश्वर, जिसकी तू नित्य उपासना करता है, वही तुझे बचाए' ***(दानिय्येल 6: 14-16)*** बच्चों के साथ चर्चा करें की वे क्या सोचते हैं कि आगे क्या होगा। दानिय्येल को बचाने में कौन सक्षम है? कौन हमें बचाने में सक्षम है? **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	मुख्य पद जो कहानी का भाग है उसे सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए : ***दानिय्येल 6:16***
याद करने	निम्नलिखित प्रश्न पूछें: 1. नए राजा का नाम क्या था? 2. क्या नया राजा दानिय्येल के काम से प्रसन्न था? 3. अन्य लोग क्यों दानिय्येल से ईर्ष्या कर रहे थे? 4. उन्होंने राजा से क्या नया कानून बनाने के लिए कहा? 5. दिन में कितनी बार दानिय्येल प्रार्थना करते थे? 6. प्रार्थना क्या है? 7. दानिय्येल तब भी प्रार्थना क्यों करते थे जब उन्हें पता था कि ऐसा करना खतरनाक था? 8. क्या आपको लगता है कि परमेश्वर उसे बचाने में सक्षम होंगे? क्यों?

C1 कहानी 4

दानिय्येल - शेर की मांद में - हर परिस्थिति में परमेश्वर पर भरोसा रखना।

	हम सीख रहे हैं कि: 1. परमेश्वर ने शेरों की गुफा से दानिय्येल को बचाया। 2. परमेश्वर चाहता है कि हम उसके प्रति वफादार रहें और हर समय उन पर भरोसा रखें। **मुख्य पद : *दानिय्येल 6: 22*** **दानिय्येल 6: 17-28**
पहचान कराने	बच्चों से जोड़े में पिछली कहानी पर चर्चा करने के लिए कहें। क्या वे निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रदान कर सकते हैं? क्या दानिय्येल अपने काम पर निपुण था? राजा दारा ने दानियल के लिए क्या करना चाहते थे? दानिय्येल के दुश्मन उससे ईर्ष्या क्यों रखते थे? दानिय्येल को शेर की गुफा में क्यों फेंक दिया गया था? क्या राजा दारा सचमुच चाहता था कि दानिय्येल शेरों की गुफा में फेंक दिया जाए? बच्चों से उनके जवाब बताने के लिए कहें। फिर आगे होने वाले कार्यों के बारें में बच्चों के साथ चर्चा करें। बच्चों को याद दिलाएं कि इस खतरनाक स्थिति में भी दानिय्येल परमेश्वर पर भरोसा कर रहा है। क्या वे कहानियों 1 और 2 से समान उदाहरण याद कर सकते हैं?
सिखाने	1. दानिय्येल को शेरों की गुफा में फेंक दिया गया था। राजा ने दानिय्येल से कहा, 'तेरा परमेश्वर, जिसकी तू नित्य उपासना करता है, वही तुझे बचाए' गड़हे के प्रवेश द्वार पर एक पत्थर रखकर राजा ने उस पर मुहर लगा दिया। फिर राजा महल वापस चला गया। वह बिना भोजन पड़ा रहा और उसे नींद भी नहीं आई। वह अपने वफादार और भरोसेमंद नौकर, दानिय्येल के बारे में सोचता रहा। ***(दानिय्येल 6: 17-18)*** 2. अगली सुबह, राजा उठा और सिंहों की गुफा की और फुर्ती से चला गया। उसने दानिय्येल को पुकारा और कहा, 'हे दानिय्येल, हे जीविते परमेश्वर के दास, क्या तेरा परमेश्वर जिसकी तू नित्य उपासना करता है, तुझे सिंहों से बचा सका है?' दानिय्येल की आवाज़ सुनने से राजा बहुत खुश था। दानिय्येल ने कहा, 'हे राजा, मेरे परमेश्वर ने अपना दूत भेजकर सिंहों के मुँह को बन्द रखा कि उन्होंने मेरी कुछ भी हानि नहीं की' परमेश्वर जानता था कि दानिय्येल ने कुछ भी गलत नहीं किया था और उसे सुरक्षित रखा। राजा दारा ने आदेश दिया कि दानिय्येल को मांद से बाहर निकाला जाए। उसने आदेश दिया कि जिन दुष्ट लोगों के कारण दानिय्येल को शेर की गुफा में फेंक दिया था उन्हें ही सिंहों की गुफा में डाला जाए। ***(दानिय्येल 6: 19-24)*** 3. राजा दारा ने अपने राज्य में रहने वाले सभी लोगों को लिखा। उसने उन्हें जीवित परमेश्वर से डरने का आदेश दिया और उन्हें बताया कि कैसे परमेश्वर ने दानिय्येल को शेरों से बचाया था। उसने उनसे कहा कि परमेश्वर ही है जो मुक्ति और सुरक्षित देता है ***(दानिय्येल 6: 25-28)*** परमेश्वर हमें उस सजा से बचा सकता है जिसका हम लायक है। प्रभु यीशु हमारे पापों की सजा अपने ऊपर लेकर क्रूस पर अपना प्राण दिया। अगर हम विश्वास करते हैं कि वह हमारे लिए मारा गया है तो परमेश्वर हमें क्षमा करेंगे और हमें अनंत जीवन देंगे। **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	मुख्य पद जो कहानी का भाग है उसे सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए :***दानिय्येल 6: 22***
याद करने	एक नाटक बनाएं और बच्चों से दानिय्येल, राजा दारा, अधिपति, सैनिक, शेर और स्वर्गदूत की भूमिका निभाना के लिए कहे।

C2 कहानी 1

अन्धे आदमी को दृष्टिदान - यीशु एक आदमी को दृष्टि देता है।

	हम सीख रहे हैं कि: 1. यीशु ही परमेश्वर है और अद्भुत चीजें कर सकता हैं। 2. हमारे पुकार यीशु सुनता है। मुख्य पद : लूका 18: 43 **बाइबल अनुभाग : *लूका 18: 35-43***
पहचान कराने	बच्चों से यह कल्पना करने के लिए कहें कि वे अंधे हैं। यह कैसे लगता है? बच्चों को बताएं कि यीशु के समय में अंधे होने वाले को कोई मदद नहीं करते थे। जीवित रहने के लिए भीख मांगना उनको भीख माँगना पड़ता था। अंधे लोगों के बारे में कोई भी परवाह नहीं करता है। उनका मानना था कि उन्हें कुछ गलत करने के लिए परमेश्वर द्वारा उसे दंडित किया जा रहा था। हालांकि, यीशु सब लोगों के बारे में परवाह करता है।
सिखाने	1. समझाओ कि यीशु यरूशलेम की ओर यात्रा पर था और वह जानता था कि वहां क्रूस पर वह मरने वाला था। लेकिन वह उस काम करने जा रहा था जिसे उसके पिता ने सौंपा था। 2. यीशु एक और बड़ा शहर, यरीहो की तरफ आया। और शहर के बाहर एक अंधा आदमी भीख मांग रहा था, शायद हर दिन वह वहां बैठता था। 3. यीशु के साथ लोगों की एक बड़ी भीड़ थी। समझाओ कि वह उनकी शिक्षा और आशचर्य कर्म के लिए प्रसिद्ध होगा, और बड़ी भीड़ यह देखने के लिए आते थे कि जो कहानियां वह सुनाते थे वो सच्च है की नहीं ***(लूका 18:36)*** 4. जब अंधे आदमी ने सुना कि वह यीशु था तो उसने उसे पुकारा - उसने उसे 'यीशु, दाऊद की सन्तान' कहा ***(लूका 18:38)*** इससे पता चलता है कि अंधे आदमी यह जानता था कि यीशु वह ही था जिसे परमेश्वर पृथ्वी पर भेजने का वादा किया था। 5. भीड़ ने आदमी को चुप करने की कोशिश की। उन्होंने सोचा कि इस गंदे भिखारी से परेशान होने के लिए यीशु बहुत महत्वपूर्ण था। हालांकि, भिखारी भीड़ से बेहतर जानता था और उसने जोर से चिल्लाया। 6. यीशु रुका। उस आदमी को उनके पास लाया गया, और उससे पूछा गया कि वह क्या चाहता था। अंधे आदमी देखना चाहता था। 7. अंधे आदमी ने विश्वास किया कि यीशु ही उसे चंगा कर सकता है, इसलिए यीशु ने उसका दृष्टी बहाल कर दी। 8. आदमी इतना उत्साहित था कि उसने परमेश्वर की प्रशंसा की और यीशु का पीछा किया। भीड़ ने भी जो देखा उससे उत्साहित होकर परमेश्वर की प्रशंसा किया। 9. बच्चों को समझाएं कि यीशु इस बात पर परवाह नहीं करता कि लोग कैसे तरह की हैं, वे कितने अमीर हैं, या वह क्या काम करते है। 10. वह सबको प्यार करता है, और उन लोगों का प्रार्थना सुनता है जो मानते हैं कि वह परमेश्वर का पुत्र है। 11. समझाओ कि जब हम स्वयं अपने जीवन का रास्ता तय करते हैं यह अंधेरे में चलने जैसा है। बच्चों को याद दिलाएं कि यीशु जगत का ज्योति है और जब हम उसका अनुसरण करते हैं तो हम प्रकाश में सही रास्ते में चल सकते हैं ***(यूहन्ना 8:12)***
सीखने	मुख्य पद को सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए - ***लूका 18: 43***
याद करने	निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दो: 1. यीशु किस शहर जा रहा था? 2. यीशु के साथ कौन था? 3. कौन शहर के बाहर बैठता था? 4. आदमी भीख क्यों मांग रहा था? 5. आदमी ने यीशु से क्या कहा? 6. आदमी क्या चाहता ता कि यीशु उस के लिए करें? 7. क्या यीशु ने आदमी को चंगा किया? 8. जब यीशु ने उसे ठीक किया तो उस आदमी और भीड़ ने क्या किया?

C2 कहानी 2

भीड़ को खिलाया जाता है - यीशु भूखे लोगों को खिलाता है।

	हम सीख रहे हैं कि: 1. केवल यीशु ही इस भूखे भीड़ की जरूरत को पूरा कर सकता है। 2. परमेश्वर के लिए कुछ भी असम्भव नहीं है। **मुख्य पद :** यूहन्ना 6: 35 **बाइबल अनुभाग:** ***यूहन्ना 6: 1-14***
पहचान कराने	एक दिन के लिए बाहर पिकनिक जाने के बारे में बात करें। आप अपनी पिकनिक पर किस तरह का खाना ले जाते हैं? किसी प्रसिद्ध व्यक्ति की भाषण या गायन इत्यादि सुनने या देखने जाने के बारे में बात करें। लेकिन थोड़ी देर के बाद आप कैसा महसूस करेंगे? शायद थका, ऊब, भूखा या असहज। यीशु भीड़ और अपने चेलों को यह दिखाने जा रहा था कि वह ही उनकी सभी जरूरतों के लिए प्रदान कर सकता है।
सिखाने	1. समझाओ कि यीशु अपने चेलों के साथ उन्हें सिखाने के लिए कुछ समय बिताना चाहता था। 2. हालांकि, जब भी किसी को पता चला कि यीशु कहां था खबर फैल जाते और बड़ी भीड़ उससे सिखने और आश्चर्य कर्म को देखने के लिए इक्कट्ठा हो जाते थे। ***(यूहन्ना 6: 1,2)*** 3. भले ही यीशु कुछ और करना चाहता था उसने कभी लोगों को वापस नहीं भेजा। यीशु लोगों के ऊपर तरस खाया। वह चाहता था कि वे उनके और परमेश्वर के बारे में समझें ***(मत्ती 14:14)*** 4. यीशु विशेष रूप से चाहते थे कि अपने शिष्यों यह समझे कि वह कौन था। और उन्होंने फिलिप्पुस का परीक्षण करने के लिए उससे एक सवाल पूछा कि यदि फिलिप्पुस मानता था कि यीशु कुछ भी कर सकता है ***(यूहन्ना 6: 5,6)*** 5. फिलिप्पुस के पास कोई समाधान नहीं था लेकिन अन्द्रियास ने एक बालक को छोटे से भोजन के पोटली साथ लाया, लेकिन स्वीकार किया कि यह बड़ी भीड़ के लिए पर्याप्त नहीं था ***(यूहन्ना 6: 7-9)*** 6. यीशु ने अपने शिष्यों से लोगों को बैठाने के लिए कहा। उसने अपने पिता, परमेश्वर से प्रार्थना करके रोटी को टुकड़ों में तोड़ना शुरू किया। उन सभी लोगों के लिए पर्याप्त भोजन था जो वे पूरे तरह से तृप्त होने तक खाए। शिष्यों के लिए भी भोजन की टोकरी छोड़ी गई थी ***(यूहन्ना 6: 11-13)*** 7. इस चमत्कार को देखने के बाद भीड़ ने सोचना शुरू कर दिया कि यह परमेश्वर द्वारा वादा करके भेजा गया मसीहा था, क्योंकि उन्होंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं देखा था। 8. बाद में, यीशु ने अकेले अपने शिष्यों से बात की और समझाया कि वह जीवन की रोटी थी। और वह केवल वह ही मनुष्य की आध्यात्मिक जरूरतों को पूरा कर सकता है ***(यूहन्ना 6: 35)*** प्रभु यीशु की नया शीर्षक हमें सिखाता है कि वह न केवल हमें अपने शरीर के लिए भोजन देता है, लेकिन यह भी कि वह हमें अनन्त जीवन दे सकता है। **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	मुख्य पद को सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए - ***यूहन्ना 6: 35***
याद करने	कहानी को संशोधित करने के लिए बच्चों को निम्नलिखित प्रश्न पूछें: 1. यीशु और उसके शिष्य कहाँ थे? 2. इतने सारे लोग यीशु को क्यों देखना चाहते थे? 3. फिलिप्पुस ने क्या कहा जब यीशु ने उसे रोटी खरीदने के लिए कहा था? 4. बालक के पास खाना के लिए क्या था? 5. यीशु ने कितने लोगों को खिलाया? 6. कितने टोकरी छोड़े गए थे? 7. यीशु ने अपने शिष्यों को क्या बताया कि वह कौन था? 8. कहानी के विभिन्न चरणों की 6 तस्वीरों को बनाने के लिए बच्चों से कहे।

C2 कहानी 3

एक लंगड़ा आदमी चलता है - लोगों का समझना कि वास्तव में यीशु कौन है।

	हम सीख रहे हैं किः 1. प्रभु यीशु हमें बचाने के लिए स्वर्ग से आया था। 2. केवल यीशु ही हमारे पापों को माफ कर सकता है। **मुख्य पद : *यूहन्ना 5:24*** **बाइबल अनुभाग : *यूहन्ना 5: 1-15***
पहचान कराने	बच्चों से पूछों कि जब उनमें से किसी का पैर टूटा या जब उन्हें कोई चोट पहुंचा था, ऐसे समय पर जब उन्हें दूसरों की देखभाल की आवश्यकता पड़ी तो उन्हें कैसा महसूस हुआ था। उनसे पूछों कि अगर आजकल उनके पैर को चोट पहुंचते है और वे चल नहीं सकते तो किस चीज़ का उपयोग करेंगे? पहियेदार कुर्सी, बैसाखी। यह कहानी एक ऐसे आदमी के बारे में है जो 38 साल तक नहीं चल सका था। और उन दिनों वहां कोई पहियेदार कुर्सी, बैसाखी नहीं थे। और कोई भी उसकी मदद करने के लिए भी नहीं था।
सिखाने	1. बच्चों को बताएं कि यीशु एक विशेष पर्व के लिए राजधानी शहर, यरूशलेम जा रहा था। ***(यूहन्ना 5: 1)*** 2. यरूशलेम में एक तालाब था, और लोगों का मानना था कि जब स्वर्गदूत पानी को हिलाते थे तो जो व्यक्ति पहले पानी में उतरता था वह चंगा हो जाता था। तालाब के चारों ओर वहां कई अंधे, लंगड़े और लक़वा मारा हुआ लोग पानी के हिलने के इंतजार में पड़े रहते थे। ***(यूहन्ना 5: 3-5)*** 3. यीशु तालाब के पास आया और जाना कि एक लंगड़ा आदमी 38 साल तक वहां पड़ा हुआ था। यीशु उससे बात करने के लिए गया और उससे पूछा अगर वह चंगा होना चाहता है। 4. लंगड़ा आदमी ने बताया कि वह पानी में नहीं जा सकता क्योंकि उसके पास कोई भी नहीं था जो उसकी मदद कर सके। वह पूरी तरह से बेसहारा था ***(यूहन्ना 5: 5-7)*** 5. यीशु ने उससे उठकर उसके खाट उठाकर चलने के लिए कहा। वह आदमी एकदम चंगा हो गया, तुरंत उठा और अपनी चटाई उठाई और चलने लगे ***(यूहन्ना 5: 8, 9)*** 6. समझाओ कि यीशु ने उसे सब्त के दिन चंगा किया था। और यहूदियों को इस दिन के बारे में बहुत सारे नियम थे कि वे इस दिन क्या नहीं कर सकते है। इन नियमों में से एक यह था कि सब्त के दिन आप अपनी चटाई लेकर नहीं चल सकते। लंगड़ा आदमी से पूछा गया कि वह अपनी चटाई लेकर क्यों चल रहा था। और उसने समझाया कि जिस व्यक्ति ने उसे ठीक किया था उसे ऐसा करने के लिए कहा था, लेकिन यीशु भीड़ में गायब हो गया था। और उस आदमी को नहीं पता था कि वह कौन था ***(यूहन्ना 5: 10-12)*** 7. बाद में यीशु ने उस आदमी से फिर से मिला और उससे बात की, और उससे पाप करना छोड़ने के लिए कहा। 8. शायद वह आदमी वास्तव में कभी समझ नहीं पाया कि यीशु कौन था और यह की उनकी जरूरतें सिर्फ चलने में सक्षम होना ही नहीं कुछ और भी था। ***(यूहन्ना 5: 14,15)*** 9. समझाओ कि प्रभु यीशु ही एकमात्र है जो हमारे पापों को क्षमा कर सकता है। हमें अपने पापों को क्षमा मिलने की आवश्यकता है, ताकि हमारे जीवन परमेश्वर के साथ सही हो और हम उसकी सेवा करने के लिए जी सकें। **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	मुख्य पद को सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए - ***यूहन्ना 5: 24***
याद करने	निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दोः 1. यीशु किस शहर में था? 2. तालाब के चारों ओर बीमार और घायल लोग क्यों पड़े थे? 3. वह आदमी इतने लंबे समय तक वहां क्यों पड़ा था? 4. यीशु ने उस आदमी से क्या करने के लिए कहा? 5. यीशु ने फिर से उस आदमी को कहाँ देखा? 6. उसने इस बार आदमी को क्या करने के लिए कहा? 7. उस आदमी ने यीशु के बारे में क्या नहीं समझा था?

C2 कहानी 4

एक मृत लड़की का जीवित होना ! - यीशु नया जीवन देता है।

	हम सीख रहे हैं कि: 1. प्रभु यीशु उन लोगों की मदद करता है जो उसके पास आते हैं। 2. यीशु के लिए कुछ भी मुश्किल नहीं है। **मुख्य पद : *मरकुस 5: 421*** **बाइबल अनुभाग : *मरकुस 5: 21-43***
पहचान कराने	बच्चों से कुछ प्रसिद्ध लोगों के बारे में सोचने के लिए कहें, शायद एक राजनेता, खिलाड़ी या अभिनेता। ऐसे एक व्यक्ति अपने घुटनों पर गिरकर दूसरों से मदद मांगने के बारे में क्या आप कल्पना कर सकते हैं?ऐसे एक घटना इस कहानी में हुआ था। बच्चों के साथ बात करें कि शायद स्कूल, घर या दफ़तर पर कभी-कभी हम कुछ चीज़े करने में असमर्थ होते है लेकिन हम यह स्वीकार नहीं करना चाहते और सहायता मांगने को हिचहिचाते हैं।
सिखाने	1. प्रभु यीशु एक बार फिर लोगों की भीड़ से घिरा हुआ है। यह इतनी बड़ी भीड़ थी और इतना धक्का मुक्की होती थी जिस के कारण ठीक से चलना भी बहुत मुश्किल हो जाता था। 2. अचानक भीड़ रास्ता साफ़ करता है क्योंकि शहर से कोई महत्वपूर्ण व्यक्ति यीशु को देखने के लिए आ रहा था। समझाओ कि याईर आराधनालय का सरदार था इसका मतलब यह है कि क्षेत्र में हर कोई जानता होगा कि वह कौन था। वह शहर में एक बहुत ही महत्वपूर्ण व्यक्ति था। ***(मरकुस 5: 22,23)*** 3. अचानक ये ख़ास आदमी, जो आदेश दिया करता था अब यीशु के चरणों में गिरकर उसकी मदद मांग रहा था। समझाओ कि यह बहुत असामान्य था, क्योंकि अधिकांश सरदार यीशु को या उनकी शिक्षा को पसंद नहीं करते थे। वे केवल परमेश्वर के सामने अपने घुटनें टेकते थे और कभी एक जीवित व्यक्ति के सामने ऐसे नहीं झुकते। 4. याईर बेताब था। उसकी बेटी बहुत बीमार थी और वह स्पष्ट रूप से विश्वास करता था कि यीशु उसे चगा कर सकता है। उनके कर्म और शब्द हमें बताते हैं कि वह सही तरह से विश्वास करते थे कि यीशु को परमेश्वर ने भेजा था ***(मरकुस 5:23)*** जब वे अपने रास्ते पर थे, संदेश आया कि बच्ची मर गयी थी। यीशु याईर से बात करता है और उन पर विश्वास करने के लिए कहता है। ***(मरकुस 5:36)*** वे घर पर पहुंचे जहां बहुत शोर और रोना हो रहा था क्योंकि एक छोटी लड़की की मृत्यु हो गई थी। यीशु घर से सारे लोगों को निकलने के लिए कहा और अपने कुछ शिष्यों और लड़की की माता-पिता को लेकर कमरे में में गए। ***(मरकुस 5:38-40)*** 5. प्रभु यीशु ने लड़की से बात की और उसे उठने के लिए कहा। छोटी लड़की उठ गई और घूमना शुरू कर दिया। समझाओ कि लड़की की मृत्यु हो गई थी और फिर यीशु ने उसे जीवित किया। वह भूत या कुछ और नहीं थी। लड़की पूरी तरह से चंगा हो गई थी; वह चल सकती है और बात कर सकती है और खा सकती है। ***(मरकुस 5: 41-43)*** 6. समझाओ कि हमें इस जीवन के उपहार के लिए आभारी होना चाहिए और यह मानना चाहिए कि परमेश्वर द्वारा दी गई अच्छी चीजों का आनंद लेने के लिए जीवित रहने एक अद्भुत बात है। प्रभु यीशु हमें एक और प्रकार का जीवन देना चाहता है - उस पर भरोसा करने पर अनन्त जीवन। तब हमें हमारे पापों से क्षमा कर दिया जाएगा और एक दिन हम उसके साथ स्वर्ग में होंगे - ***रोमियों 6: 23*** **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	मुख्य पद को सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए - ***मरकुस 5: 42***
याद करने	निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दो: 1. यीशु के पास कौन आया था? 2. याईर एक महत्वपूर्ण व्यक्ति क्यों था? 3. उसने क्या किया जो असामान्य था? 4. जब वे वापस अपने रास्ते पर थे तब क्या हुआ? 5. क्या वे घर जाना जारी रखा? 6. उन्होंने घर पर क्या देखा? 7. यीशु ने किसे अपने साथ घर के अन्दर ले गया? 8. जब यीशु ने लड़की से बात की तो उसने क्या किया?

C3 कहानी 1

जक्कई - जक्कई यीशु को अपना मसीह के रूप में स्वीकार करता है।

हम सीख रहे हैं कि:

1. जब जक्कई यीशु से मिले तो उनका जीवन बदल गया था।
2. प्रभु यीशु आया ताकि उसका अनुसरण करने से हमारे जीवन भी बदला जा सके।

मुख्य पद : *लूका 19: 9*

बाइबल अनुभाग :*लूका 19: 1-10*

पहचान कराने

किसी एक वस्तु को कुछ बच्चों की पहुंच में रखें लेकिन दूसरों की पहुंच से बाहर रखें। चर्चा करें कि शायद छोटे बच्चे उस वस्तु तक पहुंच नहीं सकते। बच्चों से एक समय याद करने के लिए कहें जब एक प्रसिद्ध व्यक्ति उनके शहर का दौरा करने आया था,क्या वे उन्हें देखने गए थे? क्या वे उस व्यक्ति को देखने पाए थे?

सिखाने

1. यरीहो के लोगों ने यीशु के बारे में अद्भुत चीजें सुनी थी - जो लोग उनके द्वारा चंगा हुआ था और परमेश्वर के बारे में उसका उपदेश। जब यीशु ने यरूशलेम के अपने रास्ते में इस शहर से गुज़र रहा था, यीशु के चारों ओर लोगों की एक बड़ी इकट्ठा हुए थे यह देखने के लिए कि वह आगे क्या कहेंगे या करेंगे। एक व्यक्ति जो यीशु को देखना चाहता था वह जक्कई था, जो अमीर था और शहर में चुंगी लेने वालों का सरदार था। बच्चों से पूछें कि लोग चुंगी लेने वालों को पसंद क्यों नहीं करते। समझाओ कि जक्कई बेईमान था क्योंकि उसने लोगों से बहुत अधिक पैसा लेते थे और इस में से कुछ अपने लिए रखते थे। ***(लूका 19: 1,2)***
2. जब जक्कई ने यीशु को देखने की कोशिश की उसे एक समस्या का सामना करने पड़ा। वह कद में बहुत छोटा था और भीड़ के कारण नहीं देख सका। ***(लूका 19:3)***
3. जक्कई को एक विचार आया ! वह यीशु से आगे भागा और एक गूलर के पेड़ में चढ़ गया ताकि वह उसे देख सके। लेकिन, जब पेड़ के नीचे यीशु पहुंचा उसने ऊपर देखा और जक्कई को देखा। बच्चों को बताओ कि यीशु ने क्या कहा। जक्कई बहुत खुश हुआ ! वह पेड़ से नीचे उतरा और यीशु को अपने घर ले गया ***(लूका 19:4 -6)***
4. भीड़ गुस्से में थी क्योंकि यीशु एक पापी के घर गया था। 'पापियों' के विषय में चर्चा करें और यह भी कि कैसे हमारा पाप हमें परमेश्वर से अलग करता है। जक्कई ने यीशु कि बातों को सुना और वह समझ गया कि उसे बदलना है। वह उस दिन से परमेश्वर के लिए जीना चाहता था, न कि खुद के लिए। यह दिखाने के लिए कि वह दूसरों की पैसे लेने के लिए वास्तव में पछता रहा था उसने यीशु से कहा कि वह गरीबों को अपना आधा पैसा देगा, और जो भी अधिक पैसे उसने गलत तरीके से लिया था उसे चौगुना फेर देगा। ***(लूका 19: 7,8)***
5. समझाओ कि यीशु के अनयायियों को बाइबल के द्वारा जो कुछ भी वह कहता है उसका पालन करना चाहिए। परमेश्वर ने कहा है कि हमें चोरी नहीं करना चाहिए। ***(निर्गमन 20: 15)***
6. यीशु ने जक्कई से कहा की उनके जीवन में एक वास्तविक परिवर्तन हआ था। उद्धार उसके घर आया था क्योंकि यीशु (मनुष्य का पुत्र) जक्कई जैसे खोए और परमेश्वर से दूर हुए लोगों को खोजने और बचाने के लिए आया था ***(लूका 19: 9,10)***
7. यीशु हमें भी हमारे पापों से बचाने के लिए आया था। अगर हम गलत कामों के लिए परमेश्वर से माफ़ी मांगते हैं, तो उसने हमारे पापों को क्षमा करने का वादा किया है और हम परमेश्वर के परिवार का हिस्सा बन जाते हैं। परमेश्वर को प्रसन्न करने के लिए हमें अपने जीवन जीना होगा।

बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।

सीखने

मुख्य पद को सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए - ***लूका 19: 9*** जक्कई अब्रहम का पुत्र था, सिर्फ इसलिए नहीं कि वह एक यहूदी था, लेकिन अब्रहम की तरह वह अब परमेश्वर से प्यार करता था और उसे प्रसन्न करने के लिए अपना जीवन जीना चाहता था। आज इस कहानी में उसने ऐसा कैसे किया?

याद करने

निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दो:

1. यीशु कहाँ जा रहा था? वह किस शहर से गुजर रहा था?
2. जक्कई की नौकरी क्या थी और लोग उससे नफरत क्यों की?
3. जक्कई को यीशु को देखने के लिए क्या करना पड़ा?
4. जब यीशु जक्कई के घर गया तो कौन गुस्से में था?
5. जक्कई के साथ क्या हुआ?
6. उसने क्या करने का वादा किया?
7. यीशु ने उनके आने का क्या वजह बताया?
8. जक्कई खेलने के लिए सबसे छोटा बच्चा चुनने, कहानी का पालन करें

C3 कहानी 2

नीकुदेमुस - अनंत जीवन पाना।

	हम सीख रहे हैं कि: 1. वह रात में प्रभु यीशु से कुछ सवाल पूछने के लिए गए। 2. हमें अनंत जीवन पाने के लिए फिर से पैदा होने की जरूरत है। **मुख्य पद : *यूहन्ना 3: 16*** **बाइबल अनुभाग : *यूहन्ना 3: 1-16***
पहचान कराने	1. एक बच्चे के जीवन की शुरुआत के बारे में चर्चा करें। 2. एक फरीसी कौन है? समझाओ कि वे यीशु के समय धार्मिक नेताओं का एक समूह था।जो सोचते थे कि यहूदी कानून और परंपरा को बनाए रखने से उनके पास अनंत जीवन होगा।
सिखाने	1. प्रभु यीशु यीशु यहूदीयों का एक विशेष उत्सव के लिए यरूशलेम में था - फसह का पर्व। शहर में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति, नीकुदेमुस, यीशु के बारे में और जानने में दिलचस्पी रकता था। उसने सुना था कि यीशु ने अनेक चमत्कार किया था, और परमेश्वर के बारे में लोगों को सिखाता था। नीकुदेमुस एक फरीसी था और यहूदी महासभा का एक सदस्य भी था। उसने रात को यीशु से मिलने का फैसला किया। वह रात में क्यों गया होगा? शायद वह नहीं चाहता था कि लोग उसे यीशु को मिलते हुए देखे या फिर उसने सोचा होगा की रात को यीशु के पास कम लोग होंगे। बच्चों को बताओ कि उन्होंने यीशु से क्या कहा था। ***(यूहन्ना 3: 1,2)*** 2. यीशु ने नीकुदेमुस को बताया कि अनंत जीवन पाने के लिए लोगों को 'फिर से पैदा' होने की आवश्यकता है। नीकुदेमुस परेशान था। ***यूहन्ना 3:4*** पढ़ें और बच्चों को नीकुदेमुस की समस्या को समझने में मदद करें। यीशु ने समझाया कि अनन्त जीवन प्राप्त करने के लिए सिर्फ छोटे बच्चे के रूप में पैदा होने पर्याप्त नहीं है लेकिन हमें एक नई जिंदगी चाहिए। जब हम परमेश्वर से हमारे पापों का क्षमा मांगते है और परमेश्वर का वचन का पालन करते है तब हमें एक नया जीवन मिलता है। समझाओ कि जब हम पैदा होते हैं तो हम एक परिवार का हिस्सा होता हैं। लेकिन जब हमारे पास परमेश्वर का नया जीवन होता है तो यह फिर से एक नए परिवार - परमेश्वर के परिवार में पैदा होने जैसा है और हम परमेश्वर के संतान बन जाते हैं। बड़े बच्चों के साथ आप हमें नए जीवन देने में परमेश्वर की पवित्र आत्मा की भूमिका को समझा सकते हैं ***(यूहन्ना 3:8)*** यीशु आश्चर्यचकित था क्योंकि यीशु जो कह रहा था वो नीकुदेमुस समझ नहीं पा रहा था। क्यों? ***यूहन्ना 3:10*** देखें और व्याख्या कीजिए। ***(यूहन्ना 3: 3-10)*** 3. शेष भाग में यीशु द्वारा अधिक शिक्षण दिया जाता है। बड़े बच्चे जंगल में सांप को उठाने वाले मूसा की कहानी और क्रूस पर यीशु की मृत्यु इस कहानी की प्रतिबिंबिन होने के बारें में जानते होंगे ***(यूहन्ना 3:12)*** यीशु ने नीकुदेमुस को समझाया कि वह (यीशु) पीड़ा सहेगा और मर जाएगा। वह ऐसा करने के लिए तैयार था ताकि हम अनन्त जीवन प्राप्त कर सकें। ***(यूहाना 3: 11-15***) - पुराने नियम की कहानी के लिए ***गिनती 21: 4-9*** देखें। 4. अगला बाइबल पद ***(यूहन्ना 3:16)*** सबसे सुपरिचित बाइबल वाक्य है। परमेश्वर की सुसमाचार के बारे में बच्चों से कहे। यीशु ने नीकुदेमुस को बताया कि परमेश्वर हमे इतना प्यार करता है कि उसने अपने पुत्र यीशु को क्रूस पर मरने के लिए भेजा। वह चाहता है कि क्रूस पर उसने हमारे लिए जो किया उस पर हम विश्वास करें, ताकि हम फिर से पैदा हो सके और अनंत जीवन प्राप्त करके एक दिन स्वर्ग में जाकर हमेशा के लिए परमेश्वर के साथ रह सके। **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	मुख्य पद को सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए - ***यूहन्ना 3:16***
याद करने	निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दो: 1. नीकुदेमुस कौन था? 2. वह यीशु को देखने के लिए क्यों गए? 3. वह यीशु के पास रात में क्यों गया? 4. उसने यीशु से क्या कहा? 5. यीशु क्या कहता है कि अनंत जीवन के लिए जरूरी है? 6. किसी के पास दो जन्मदिन कैसे हो सकते हैं? (एक प्रकृतिक और एक आध्यात्मिक) 7. बच्चों को एक साथ मुख्य पद कहने के लिए कहे।

C3 कहानी 3

सामरी स्त्री - यीशु उनसे प्यार करने वाले लोगों को जीवन का जल देता है।

	हम सीख रहे हैं कि: 1. प्रभु यीशु सामान्य तरीके से हट के एक सामरी स्त्री से मिलने गया। 2. यीशु उनसे प्यार करने वाले लोगों को जीवन का जल देने के बारे में बात करता है। **मुख्य पद : *यूहन्ना 4: 42*** **बाइबल अनुभाग: *यूहन्ना 4: 4-30, 39-42***
पहचान कराने	1. आपको क्या करने से प्यास लगता है? दौड़ना,खेलना या गर्मी के कारण। उस वक्त तुम्हें क्या करने की ज़रूरत है? आपको पानी कहाँ से मिला? एक दिन यीशु एक लंबी यात्रा के बाद गर्म और थका महसूस कर रहा था। समझाओ कि इस समय उसका मुलाकात एक सामरी स्त्री से हुई। 2. जब आप कुछ अच्छी खबर प्राप्त करते हैं तो आप क्या करते हैं? बच्चों से ऐसे कुछ खबर के उदाहरण पूछों और यह भी कि क्या वे दूसरों को इसके बारें में बताना पसंद करंगे। हमारी कहानी में एक स्त्री को अपने पड़ोसियों और दोस्तों के साथ साझा करने के लिए कुछ अच्छी खबर थी।
सिखाने	1. प्रभु यीशु अपने शिष्यों के साथ एक यात्रा पर था और उसने सामरी से जाने का फैसला किया। वह सूखार नामक एक शहर पहुंचा। यीशु जो गर्म और थका हुआ महसूस कर रहा था एक कुएं के पास बैठ गया। यह दिन के मध्य में था और उसके यीशु के अनुयायी शहर में खाना खरीदने के लिए चले गए थे, इसलिए यीशु अकेला था। जब वह वहां बैठ था, एक स्त्री कुएं से पानी भरने के लिए कुछ बर्तन के साथ आया। यीशु ने उस स्त्री से उसे पानी पिलाने के लिए कहा। समझाओ कि यीशु के उससे बात करने पर स्त्री क्यों चौंक गई थी। (यीशु एक यहूदी था और वह एक सामरी थी) यहूदी और सामरी आमतौर पर एक-दूसरे से बात नहीं करते थे ***(यूहन्ना 4: 4-9)*** 2. यीशु ने उस स्त्री को बताया कि वह उसको जीवन का जल दे सकता है। और वह फिर कभी प्यासा नहीं होगी। स्त्री समझ नहीं पाई। यीशु के पास कुएं से पानी भरने के लिए उसके साथ कोई बर्तन नहीं था। समझाओ कि यीशु कुएं के पानी के बारे में नहीं, लेकिन वह उनसे प्यार करने वाले लोगों को अनंत जीवन या जीवन का जल देने के बारे में कह रहा था। उसने उस स्त्री से कहा कि वह वही था जिसे पुरुषों, महिलाओं, लड़कों और लड़कियों को उनके पाप से बचाने के लिए भेजने का वादा परमेश्वर ने किया था। ***(यूहन्ना 4: 25,26)*** समझाओ कि जो लोग यीशु पर विश्वास करते हैं कि वे परमेश्वर के पुत्र हैं और उनसे अपने पाप की क्षमा मांगे उनके पास अनंत जीवन होगा और वे एक दिन स्वर्ग जाएगा। ***(यूहन्ना 4: 10-15)*** 3. यीशु ने उस स्त्री को बताया जो वह अपने अतीत और उसने जो गलत काम किए थे उसके बारें में जानता था। स्त्री आश्चर्यचकित थी कि यीशु उसके बारे में इतना जानता था। क्योंकि वह जानती थी की यीशु वास्तव में परमेश्वर से भेजा गया एक विशेष व्यक्ति था। उसी समय, यीशु के शिष्य शहर से वापस आए। यीशु ने जो कहा था उसके बारे में महिला बहुत उत्साहित थी। उसने कुएं के पास अपने घड़े छोड़कर दूसरे के साथ अच्छी खबर साझा करने के लिए भाग गई। बच्चों को बताओ कि उसने क्या कहा ***(यूहन्ना 4: 29)*** शहर के लोग यीशु को देखने के लिए आए ***(यूहन्ना 4: 16-30)*** 4. बच्चों को ***यूहन्ना 4: 39-4***2 की घटनाओं को बताकर समाप्त कीजिए। लोगों ने यीशु की बात सुनी और कई परमेश्वर में विश्वास किया। जब वे खुद यीशु से मिला तो उन्हें पता चला कि यीशु कोई साधारण मनुष्य नहीं था। उन्होंने यीशु के बारे में क्या कहा उसे बताने के लिए बच्चों को मुख्य पद पढ़ें। क्या आप अपने उद्धारकर्ता के रूप में प्रभु यीशु को जानते हैं? क्या आपने गलत कामों के लिए माफ़ी माँगा है और बाइबल में कहे गए आदेशों का पालन करने का फैसला किया है? यदि हाँ तो क्यों न उस सामरी स्त्री की तरह दूसरों के साथ इस सुसमाचार का साझा करे? **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	मुख्य पद को सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए - ***यूहन्ना 4: 42*** समझाओ कि 'जगत' का अर्थ भौतिक जगत नहीं बल्कि लोग है।
याद करने	निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दो: 1. यीशु ने अपनी यात्रा पर कहाँ रुका था? 2. वह किससे मिला? उसने क्या पूछा? 3. उसने स्त्री को इसके बजाय क्या पेशकश की? 4. यीशु उन्हें प्यार करने वालों को क्या देता है? 5. स्त्री ने घड़े छोड़ कर क्यों भागी?यीशु के पास कौन आ

C3 कहानी 4

धनी युवक - हमारे जीवन में प्रभु यीशु को प्रथम स्थान देना।

	हम सीख रहे हैं कि: 1. धनी युवक यीशु से पूछता है कि उसे अनंत जीवन पाने के लिए क्या करना चाहिए। 2. प्रभु यीशु चाहते हैं कि हम अपने जीवन में उसको प्रथम स्थान दे। **मुख्य पद : *मरकुस 10:21*** **बाइबल अनुभाग : *मरकुस 10: 17-23***
पहचान कराने	बच्चों से पूछें कि उनके जीवन में क्या महत्वपूर्ण है - पैसा, सम्पत्ति, रूचि आदि। यीशु चाहता है कि ये सभी चीजों की तुलना में वह आपके लिए अधिक महत्वपूर्ण होना चाहता है। परमेश्वर के नियमों के बारे में बच्चों से बात करें। 10 आज्ञाओं में से पहला क्या है ***(निर्गमन 20:3)*** इसका क्या मतलब है? परमेश्वर को हमारे जीवन में प्रथम स्थान होना चाहिए।
सिखाने	1. एक दिन, एक धनी युवक के पास यीशु से पूछने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रश्न था। जब यीशु सड़क पर चल रहा था, युवक ने यीशु की और भाग कर अपने घुटनों पर गिर पड़ा। यीशु के सामने उसने घुटने क्यों टेका? वह जानता था कि यीशु एक महत्वपूर्ण व्यक्ति था। उसने जो प्रश्न पुछा उसके बारें में चर्चा करें। इस के पास बहुत पैसा था और वह सभी बेहतरीन कपड़े खरीद सकता था, एक बड़े घर में रहते हैं और उसके पास सब कुछ चाहता था जो वह चाहता था। लेकिन, यह सब होने के बावजूत वह निश्चित करना चाहता था कि एक दिन स्वर्ग जाने के लिए वह क्या कर सकता था। ***(मरकुस 10:17)*** 2. यीशु ने तुरंत उसके सवाल का जवाब नहीं दिया। यीशु ने परमेश्वर के कुछ आदेशों के बारें में धनी युवक को याद दिलाया। क्या आपको याद है कि इन्हे दूसरे किस नाम से जाना जाता है? 10 आज्ञाएं। बच्चों से पूछें कि क्या वे किसी भी आज्ञा को याद कर सकते हैं जो बताता है कि हमें अन्य लोगों के साथ कैसे व्यवहार करना चाहिए? यीशु ने जो सूची दिया उसको पढ़े। 3. धनी युवक ने यीशु से कहा कि उसने अपने बचपन से इन सभी आज्ञाओं का पालन किया था। ***(मरकुस 10: 18 -20)*** समझाओ कि युवक को नहीं लगता था कि उसने गलत किया है। वह नहीं जानता था कि वह एक पापी था और परमेश्वर के नियम तोड़ा था। हम सभी परमेश्वर के आदेश तोड़ दिया है। यीशु के अलावा कोई भी परीसम्पूर्ण सही नहीं है। 4. यीशु ने धनी युवक को देखा और उसे प्यार किया। उसके बाद उसने धनी युवक को यह देखने के लिए परीक्षण किया कि क्या वह अनन्त जीवन चाहते हैं। इसका मतलब था कि एक दिन वह स्वर्ग जाएगा और परमेश्वर के साथ हमेशा के लिए रहेंगे। बताओ कि यीशु ने उसे क्या करने के लिए कहा था। समझाओ कि 'स्वर्ग में धन' का मतलब होगा कि एक दिन धनी युवक के पास अनन्त जीवन होगा। यीशु यह देखना चाहता था कि क्या इस धनी युवक को यीशु के अनुसरण करने से महत्वपूर्ण उसका पैसा और सम्पति था। ***(मरकुस 10:21)*** 5. बाइबल हमें बताती है कि धनि युवक का चेहरे पर उदासी छा गई। परीक्षण बहुत कठिन था। वह वह सब कुछ देना नहीं चाहता था क्योंकि वह बहुत धनी था। वह यीशु को अपने जीवन में सबसे महत्वपूर्ण चीज़ के रूप में पहले रखने के लिए तैयार नहीं था और वह चला गया और यीशु के अनुयायी नहीं बना। यीशु ने अपने अनुयायियों से कहा कि एक अमीर व्यक्ति के लिए उनके अनुयायी बनना और परमेश्वर के राज्य का हिस्सा बनना बहुत मुश्किल है, क्योंकि वे यीशु से ज़्यादा वे अपने सम्पत्ति से प्यार करते हैं। 6. क्या आपने अपने जीवन में यीशु को पहले रखा है? ***(मरकुस 10: 22,23)*** **बाइबल समय सबक पूरा करें**
सीखने	मुख्य पद को सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए - ***मरकुस 10: 21***
याद करने	निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दो: 1. युवा व्यक्ति ने कैसे दिखाया कि वह जानता था कि यीशु एक महत्वपूर्ण व्यक्ति था? 2. उसने क्या पूछा? 3. किसी भी आज्ञा का उल्लेख करें जो यीशु ने किया? 4. यह दिखाने के लिए कि उनके पैसे से यीशु अधिक महत्वपूर्ण है, यीशु ने उससे क्या करने के लिए कहा? 5. क्या वह परीक्षण में सफल रहा या विफल हुआ? क्यों?

C 4 कहानी 1

ईस्टर की कहानी - यीशु को धोखा दिया जाता है।

	हम सीख रहे हैं कि: 1. यहूदा ने चांदी के 30 टुकड़ों के लिए यीशु को धोखा दिया। 2. यीशु ने अपने दुश्मनों को उसे गिरफ्तार करके ले जाने की इजाजत दी, क्योंकि वह जानता था कि उसे हमारे लिए क्रूस पर मरना था। **मुख्य पद : *मत्ती 26: 24*** **बाइबल अनुभाग : *मत्ती 26: 14-16 र 36-50***
पहचान कराने	पिछले पाठ में यीशु ने किए अद्‌भुत चीजों के बारे में बच्चों के साथ चर्चा करें। गौर करें कि यीशु इन चीजों को करने में कैसे सक्षम हुआ। बच्चों को याद दिलाएं कि यीशु परमेश्वर का पुत्र है। चर्चा करें कि यीशु बीमार लोगों को चंगा किया और अनेक अलौकिल कर्म किए, लेकिन उसका धरती पर आने का मकसद यह नहीं था। बच्चों से पूछें कि क्या वे यीशु की इस पृथ्वी पर आने की असली कारण जानते हैं। उन्हें याद दिलाएं कि यह परमेश्वर की योजना थी कि वह अपने एकमात्र पुत्र को एक परिपूर्ण जीवन जीने और हमारे पापों के योग्य पाप दे दण्ड को अपने ऊपर लेकर क्रूस पर प्राण लेने के लिए दुनिया में भेज देगा। यह एकमात्र तरीका था जिससे हमारा पापों से मोक्ष मिलकर उसके साथ स्वर्ग में हम रह सकते थे।
सिखाने	1. प्रधान याजक और शास्त्रियों ने यीशु को मारने का षड्यंत्र रचने लगा। यीशु के शिष्यों में से एक, यहूदा, उन लोगों के पास गया और उन्हें यीशु के पास ले जाने वादा किया। उन्होंने उसे चांदी के 30 टुकड़े दिए। यहूदा ने यीशु को धोखा दिया। 'धोखा' शब्द का अर्थ समझाओ। इस तथ्य पर चर्चा करें कि यहूदा ने यीश को धोखा दिया क्योंकि उसके लिए यीशु का अनुसरण करने से पैसा ज्यादा अहम था। वह यीशु से प्यार नहीं करता था और एक सच्चा शिष्य नहीं था ***(मत्ती 26: 14-6)*** 2. एक शाम, यीशु ने यहूदा को छोड़कर सभी शिष्यों के साथ गतसमनी के बगीचे की ओर चला गया। वहां पहुँचकर जब यीशु अपने पिता परमेश्वर से प्रार्थना करने के लिए जा रहा था उसने पतरस, याकूब और यूहन्ना से कहा कि उस समय वे उनके लिए इंतजार करें। यीशु जानता था कि आगे क्या होने वाला था। बच्चों से पूछें कि क्या वे जानते हैं कि क्या होने वाला है? बाइबल हमें बताती है कि वह उदास और व्याकुल था। यीशु इस तरह महसूस क्यों कर रहा था? उसने अपने पिता से प्रार्थना की और भले ही वह जानता था कि क्या होने जा रहा था, उसने प्रार्थना किया, 'तौभी जैसा में चाहता हूँ बैसा नहीं, परन्तु जैसा तू चाहता है वैसा ही हो।' समझाओ कि यीशु स्वयं क्रूस पर चढ़ने को राज़ी होगा, क्योंकि वह हमसे प्यार करता है और हमारे पापों की सजा लेने को तैयार हैं। ***(मत्ती 26: 36-39)*** 3. जब यीशु प्रार्थना कर रहा था, चेले सो गए थे। तीन बार जब यीशु वापस आया और उन्हें उठाया। यीशु ने अपने शिष्यों से कहा कि सोने का समय बाद में मिलेगा। अब वक्त (घडी) आ गया था। यीशु के दुश्मनों का नेतृत्व यहूदा कर रहा था ***(मत्ती 26: 40-46)*** 4. यहूदा ने तलवारें और लाठियां लिए हुए एक बड़ी भीड़ के साथ पहुंचे। यहूदा ने कहा कि वे चूमकर उन्हें दिखाएंगे की यीशु कौन है ताकि वह उन्हें गिरफ्तार कर सके। यीशु ने यहूदा को चूमने की इजाजत दी। फिर उसने पुरुषों को गिरफ्तार करने की इजाजत दी ***(मत्ती 26: 47-50)*** 5. यहूदा ने यीशु को धोखा करके बड़ी गलती की थी। यीशु के अनुसरण करने से वह पैसे को ज्यादा चाहता था। हमें यह समझने की जरूरत है कि किसी अन्य चीज़ की तुलना में यीशु हमारे लिए अधिक महत्वपूर्ण होना चाहिए। वह हमें इतना प्यार करता है कि उसने खुद को धोखा खाकर हमारे लिए क्रूस पर चढ़ाये जाने की अनुमति दी। हमारे पापों के कारण जो सजा को लिए हम योग्य थे यीशु ने उस सजा को क्रूस पर अपने ऊपर लिया। हमें गलत कामों के लिए माफी मांगने की ज़रूरत है। अगर हमारे पापों को क्षमा किया गया है तो हमें अब उनके लिए फिर दंड लेने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यीशु ने पहले ही ऐसा कर लिया है। क्योंकि हमारे पापों को क्षमा कर दिया गया है, हम उसके साथ स्वर्ग में रह सकते हैं। **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	मुख्य पद को सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए - ***मत्ती 26: 24***
याद करने	निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दो: 1. यीशु ने मारने की योजना किसने बनाई? 2. यीशु के साथ धोखा देने वाले शिष्य का नाम क्या था? 3. 'धोखा' शब्द क्या मतलब है? 4. यहूदा को चांदी के कितने टुकड़े भुगतान दिया गया? 5. बगीचे का नाम क्या था जहां यीशु प्रार्थना करने गया था? 6. यहूदा ने भीड़ को कैसे दिखाया कि यीशु कौन था? 7. यीशु ने खुद को गिरफ्तार करने की इजाजत क्यों दी? 8. क्या हमारे पापों को क्षमा मिल सकते हैं?

C4 कहानी 2

ईस्टर की कहानी - पिलातुस - यीशु हमारे लिए पीड़ित होता है।

	हम सीख रहे हैं कि: 1. प्रभु यीशु ने कुछ भी गलत नहीं किया था फिर भी पिलातुस ने उसे क्रूस पर चढ़ाया जाने के लिए सौंप दिया। 2. प्रभु यीशु निर्दोष था। वह हमारे पापों के लिए क्रूस पर अपना प्राण दिया। **मुख्य पद : *मत्ती 27: 22*** **बाइबल अनुभाग : *मत्ती 27: 1,2 ; 11-31***
पहचान कराने	बच्चों के साथ पिछली कहानी को दोहराएं। यीशु को गिरफ्तार कर लिया गया था। बच्चों से पूछो अगर वे कभी परेशानी में पड़े हैं, कुछ ऐसा काम के लिए जो उन्होंने नहीं किया था। शायद उन्हें दंडित किया जाना उचित था। इस स्थिति ने उन्होंने कैसे महसूस किया? आज की कहानी में कुछ भी गलत नहीं करने के प्रभु यीशु को दंडित किया जाएगा। उसने हमारे पापों के लिए दंडित किया गया ताकि हमें मोक्ष मिले।
सिखाने	1. यीशु को गिरफ्तार कर लिया गया और रोमी हाकिम, पिलातुस के पास ले जाया गया। समझाओ कि यहूदी नेताओं ने यीशु को पिलातुस के पास ले जाना पड़ा क्योंकि उस समय उसके देश का अधिकारी वह था ***(मत्ती 27: 1,2)*** 2. पिलातुस ने यीशु से सवाल पूछा। उसे यकीन था कि यीशु दोषी नहीं था। बच्चों को याद दिलाएं कि नेताएं यीशु से ईर्ष्या रकते थे इस लिए वे चाहते थे कि उसे क्रूस पर चढ़ाया जाए। उन्होंने यीशु के बारे में अनेक झूठ बोला था। पिलातुस यीशु को क्रूस पर चढ़ाए जाने के लिए भेजना नहीं चाहता था। इसलिए उसने एक कैदी को मुक्त करने की पेशकश की। उन्होंने कहा कि यहूदी चुन सकते हैं कि किसको मुक्त किया जाएगा। पिलातुस उम्मीद कर रहा था कि वे यीशु को चुनेंगे लेकिन उन्होंने नहीं किया। उन्होंने बरअब्बा को चुना जो एक दुष्ट आदमी था और यीशु को क्रूस पर चढ़ाया जाने के लिए चिल्लाया। पूछो, क्या यीशु क्रूस पर चढ़ाया जाने के लिए लायक था? क्या आपको लगता है कि यह उचित था? चर्चा करें कि परमेश्वर ने यीशु के साथ ऐसे होने क्यों दिया? ***(मत्ती 27: 11-23)*** 3. पिलातुस जानता था कि लोग मन नहीं बदलेंगे। उसने बरअब्बा को छोड़ दिया और आदेश दिया कि प्रभु यीशु को कोड़े लगवाकर क्रूस पर चढ़ाए जाने के लिए सौंप दिया। इससे पहले कि उन्होंने उसे क्रूस पर चढ़ाया, सैनिकों ने उससे बुरी तरह से व्यवहार किया। उन्होंने उसे एक लाल रंग का बागा पहनाया और उसके सिर पर कांटों का मुकुट रखा। उन्होंने उसका मज़ाक उड़ाया, उस पर थूका और उसे मारा। फिर उसने उसे पकड़कर क्रूस पर चढ़ाया ***(मत्ती 27: 24-31)*** 4. चर्चा करें कि यीशु को मरना क्यों था? उसने कुछ भी गलत नहीं किया था। फिर भी उसने अपने ऊपर हमारे पापों का दंड लिया जिसके हम लायक थे, क्योंकि वह हमें प्यार करता है। अगर हम अपने पापों के लिए माफ़ी मांगकर परमेश्वर से क्षमा मांगे तो हमें हमारे पापों से मोक्ष मिलेंगे। और हम हमेशा उसके साथ स्वर्ग में रहने के लिए तैयार हो सकेंगे। **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	मुख्य पद को सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए - ***मत्ती 27: 22***
याद करने	प्रश्नोत्तरी के लिए सही/गलत शब्दों का उपयोग करें: 1. पिलातुस ने यीशु से सवाल पूछा। 2. पिलातुस ने सोचा कि यीशु दोषी था। 3. यहूदी नेता नहीं चाहते थे कि यीशु को क्रूस पर चढ़ाया जाए। 4. यीशु ने कभी भी कोई पाप नहीं किया था। 5. बरअब्बा निर्दोष था। 6. सैनिकों ने दयालुता के साथ यीशु से व्यवहार किया। 7. यीशु ने हमारे पापों का दंड अपने ऊपर लिया। 8. हमारे पापों से क्षमा मिलने पर हम यीशु के साथ स्वर्ग में रह सकते हैं

C4 कहानी 3

ईस्टर की कहानी - यीशु की पुनरुत्थान।

	हम सीख रहे हैं कि: 1. यीशु का मृत्यु हुआ है और उसे एक कब्र में रखा गया। तीन दिन बाद वह फिर से जी उठा। 2. परमेश्वर, अपनी महान शक्ति से, मृतकों से यीशु को जी उठाया। **मुख्यपद : *मत्ती 28: 6*** **बाइबल अनुभाग : *मत्ती 27: 57-66***
पहचान कराने	बच्चों को याद दिलाएं कि अब तक क्या हुआ है और उन्हें जो कुछ याद है उसे साझा करने के लिए कहे। यहूदा ने यीशु को कैसे धोखा दिया और पिलातुस के पास उसे ले जाया गया। कैसे पिलातुस ने उससे सवाल किया और फिर उसे क्रूस पर चढ़ाया जाना के लिए यहूदियों को सौंपा गया। प्रभु यीशु ने क्रूस पर अपना प्राण दिया। बच्चों से पूछें कि क्या उन्हें याद है कि प्रभु यीशु को क्यों मरना पड़ा था।
सिखाने	1. प्रभु यीशु की मृत्यु क्रूस पर हो गई थी। उस शाम एक अमीर आदमी, युसूफ, पिलातुस से मिलने के लिए गया। युसूफ प्रभु यीशु पर विश्वास करता था। और उसने पिलातुस से एक उचित दफन देने के लिए यीशु का शरीर माँगा। ***(मत्ती 27: 57-58)*** 2. युसूफ ने शरीर लिया और एक साफ, चादर में लपेट कर अपना एक नए कब्र में रखा। कब्र चट्टान में खुदवाई एक छोटी सी गुफा की तरह था। उसने प्रवेश द्वार पर एक बड़ा पत्थर लुढ़काकर चले गए। यीशु की अनुसरण करने वाली कुछ महिलाएं कब्र पर रुक गईं। बच्चों से पूछो की युसूफ और ये महिलाएं कैसे महसूस कर रहे होंगे। ***(मत्ती 27:59-61)*** 3. बच्चों को समझाओ कि इससे कई साल पहले ही भविष्यवक्ता यशायाह ने भविष्यवाणी किया था कि यीशु को एक अमीर आदमी की कब्र में दफनाया जाएगा ***(यशायाह 53: 9)*** यह भविष्यवाणी अब सच हो गई थी क्योंकि यीशु को युसूफ की कब्र में दफनाया गया था। 4. यहूदी लोग चिंतित थे कि यीशु के शिष्य रात में आकर उसके शरीर चुराकर एक कहानी बनाएंगे की यीशु मरे हुओं में से जी उठा है। उन्होंने पिलातुस से कब्र पर मोहर लगाकर संरक्षित देने के लिए सैनिकों को भेजने के लिए अनुमति माँगा। ***(मत्ती 27: 62-66)*** 5. सैनिकों ने कब्र की रक्षा की। लेकिन वे स्वर्ग से आए स्वर्गदूत दो रोक नहीं पाया। स्वर्गदूत ने पत्थर को लुढ़का कर पत्थर पर बैठ गया। यीशु अब कब्र में नहीं था। स्वर्गदूत ने कहा, 'वह यहाँ नहीं है, परन्तु अपने वचन के अनुसार जी उठा है' ***(मत्ती 28: 1-6)*** 6. अच्छी खबर यह है कि उसकी महान शक्ति से परमेश्वर ने प्रभु यीशु को मृतकों में से जी उठाया। उसका शरीर चोरी नहीं हुआ था ! शरीर सड़ भी नहीं गया। परमेश्वर ने उसे कब्र में से जीवित बाहर लाया। यह साबित करता है कि हमारे पापों के लिए अपना प्राण देकर प्रभु यीशु ने जो किया इससे परमेश्वर कितना प्रसन्न था। बच्चों को याद दिलाएं कि यह भी साबित करता है कि वह वास्तव में परमेश्वर का पुत्र है। वह चाहता है कि हर कोई अपने उद्धारकर्ता के रूप में उस पर भरोसा करे। **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	मुख्य पद जो कहानी का भाग है उसे सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए - ***मत्ती 28: 6***
याद करने	एक नाटक बनाएं और बच्चों से युसूफ, पिलातुस, सैनिक, महिलाएं और स्वर्गदूत की भूमिका निभाना के लिए कहे।

C4 कहानी 4

ईस्टर की कहानी - यीशु का जीवित होना।

	हम सीख रहे हैं किः 1. यीशु के मृतकों में से जी उठने के बाद उन्होंने इम्माऊस की ओर यात्रा करने वाले दो लोगों के साथ बातें की। 2. प्रभु यीशु को दंड सहकर मरना पड़ा। लोगों को उनके पापों से बचाने का कोई और तरीका नहीं था। **मुख्य पद : *लूका 24: 26*** **बाइबल अनुभाग : *लूका 24: 13-35***
पहचान कराने	अब तक कहानी को दोबारा दोहराने के लिए बच्चों को इन सवालों के जवाब देने के लिए कहें: यहूदा कौन था और उसने क्या किया? पिलातुस कौन था और उसने क्या किया? युसूफ कौन था और उसने क्या किया?
सिखाने	1. यीशु के दो शिष्य यरूशलेम से इम्माऊस की सड़क पर जा रहे थे। गांव लगभग सात मील की दूरी पर था। वे यरूशलेम में हुए कार्यों के बारे में बात कर रहे थे। वे बहुत दुखी और उलझा हुए थे। बच्चों से पूछें कि यात्रियों इस तरह से महसूस क्यों कर रहे थे। यीशु को मृतकों से जी उठाया गया था लेकिन इन यात्रियों ने उसे अभी तक देखा नहीं था ***(लूका 24: 13-14)*** 2. जब यात्रियों एक दूसरे से बात कर रहे थे एक अजनबी उसके साथ जुड़ गए। वे नहीं जानते थे कि यह अजनबी वास्तव में यीशु ही था। यीशु ने उनसे पूछा कि वे किस बारे में बात कर रहे थे। उनमें से एक, क्लियोपास ने अजनबी को यरूशलेम में जो कुछ हुआ उसके बारे में बताया। उसने उसे बताया कि कैसे यीशु को क्रूस पर चढ़ाया गया था। वे यकीन कर रहे थे कि यीशु वह उद्धारकर्ता या मसीह था जिसे परमेश्वर ने उन्हें बचाने के लिए भेजने का वादा किया था, लेकिन अब वह मर चुका था (कम से कम यही वह सोचते थे) उन्होंने सुना था कि कुछ महिलाएं कब्र में गई थीं और उन स्वर्गदूतों को देखा जिन्होंने उन्हें बताया कि यीशु जीवित था। जब कुछ शिष्य कब्र में गए तो उन्होंने देखा कि यीशु का शरीर वहां नहीं था। लेकिन उन्होंने यीशु को नहीं देखा था। इसलिए यात्रियों बहुत उलझन में थे ***(लूका 24: 15-24)*** 3. अजनबी ने उनकी मदद की ! उन्होंने उन्हें समझाया कि भविष्यवक्ताओं और पवित्र शास्त्रों में कहा गया था की मसीह दण्ड सहकर मरेंगे। लोगों को उनके पापों से बचाने का कोई और तरीका नहीं था ***(लूका 24: 25-27)*** जब वे इम्माऊस गांव पहुंचे तो बहुत देर हो चुकी थी, इसलिए यात्रियों ने अजनबी से उनके साथ घर आकर रहने के लिए कहा। उन्होंने कुछ खाना तैयार किया और जैसे ही वे खाना शुरू किया उन्होंने स्वीकार किया कि अजनबी वास्तव में प्रभु यीशु ही था। एक पल में वह पूरी तरह से उनकी दृष्टि से छिप गया था, लेकिन अब वे पूरी तरह से यकीन करते थे। अब वे व्याकुल नहीं थे क्योंकि वे जानते थे कि यीशु मरे हुओं में से जी उठ गया था। यीशु ही था जिसे परमेश्वर ने उद्धारकर्ता के रूप में भेजने का वादा किया था। यात्री अब कैसे महसूस कर रहे होंगे ? ***(लूका 24: 28-32)*** 4. वे जल्दी से यरूशलेम में वापस चले गए और यीशु के शिष्यों से मिला। उन्होंने इम्माऊस की ओर सड़क पर उनके साथ जो हुआ उसके बारें में शिष्यों को बताया। ***(लूका 24: 33-35)*** 5. बच्चों के साथ चर्चा करें कि यह परमेश्वर की योजना थी। हमने सभी पाप किए हैं, हमारे पापों ने हमें परमेश्वर से अलग कर दिया है। परमेश्वर हमें प्यार करता है और उसने एक तरीका प्रदान किया है कि हम फिर से उसके साथ रह सके। परमेश्वर जानता था कि ऐसा करने का एक ही तरीका था अपना एकमात्र पुत्र को हमारे पापों का दण्ड सहने के लिए भेजना। उद्धारकर्ता को दण्ड सहकर मरना होगा लेकिन वह फिर से जी उठेगा। अगर हमने प्रभु यीशु से हमारे गलतियों के लिए क्षमा माँगा है तो हमें अपने पापों से मोक्ष मिलेंगे और हमारे मृत्य के बाद उसके साथ स्वर्ग में रह सकते हैं। **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	मुख्य पद जो कहानी का भाग है उसे सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए - ***लूका 24: 26***
याद करने	बच्चों को एक तस्वीर बनाने के लिए कहें: कब्र का दृश्य जब स्वर्गदूत आकर पत्थर को लुढ़काया था। यरूशलेम का दृश्य जब दोनों यात्रियों ने शिष्यों से कहा कि उन्होंने यीशु को देखा था।

C5 कहानी 1

रूत - परमेश्वर पर भरोसा करना।

	हम सीख रहे हैं किः 1. जब रूत ने बैतलहम वापस जाने का फैसला किया तो उसने परमेश्वर में भरोसा किया। 2. परमेश्वर चाहता है कि हम उस पर भरोसा करें। **मुख्य पद : *रूत 1: 16,17*** **बाइबल अनुभाग : *रूत 1***
पहचान कराने	हर दिन हम जो निर्णय लेते है उनके बारें में बात करें। आज की कहानी में अलग-अलग लोग हैं जिन्होंने कई निर्णय लिए। बच्चों को ध्यान से सुनकर उल्लेख किए सभी निर्णयों को गिनने के लिए कहे। कहानी में एक व्यक्ति ने एक निर्णय लिया जिसने अपने पूरे जीवन को बदल दिया।
सिखाने	1. बैतलहम में एक अकाल आया। एलीमेलेक नामक एक आदमी ने अपनी पत्नी नाओमी और दो पुत्रों को लेकर दूसरे देश मोआब जाने का फैसला किया। ***(रूत 1:1,2***) 2. दुख की बात है, एलीमेलेक की मृत्यु हो गई। उसके दो बेटे बड़े हो गए और उन्होंने मोआब की लड़कियों से शादी करने का फैसला किया। जल्द ही दो युवा पुरुषों की भी मृत्यु हो गई। अब केवल नाओमी और दो युवा पत्नियां बची थीं - ओर्पा और रूत। चर्चा करें कि वे तीनों कैसे महसूस कर रहे होंगे। ***(रूत 1: 3-5)*** 3. जल्द ही नाओमी ने अपने शहर बैतलहम जाने का फैसला किया। उसने ओर्पा और रूत के साथ निकली जो भी उनके साथ जाना चाहती थी। थोड़ी वक्त के बाद, नाओमी ने उनसे कहा कि वे दोनों अपना देश मोआब वापस जाए तो बेहतर होगा। ओर्पा घर लौटने का फैसला किया, लेकिन रूत अपने निर्णय नहीं बदला। चर्चा करें कि यह रूत के लिए कैसे एक बहादुर फैसला था। वह बैतलहम में एक अजनबी होगी और वह उस देश की जीवन शैली के बारें में कुछ नहीं जानती थी। ***रूत 1: 16,17*** में उसकी शब्दों को पढ़ें, और बताएं कि अन्य देश में उन लोगों के बीच एक नया जीवन जीना और जो जीवित और सच्चे परमेश्वर के बारें में उसने नाओमी से सीखा था, उस परमेश्वर पर भरोसा करना कैसे सिर्फ उसकी अपनी निर्णय थी। ***(रूत 1: 5-16)*** 4. समझाओ कि परमेश्वर चाहता है कि हम रूत के उदाहरण से सीखें। उसने हमें बनाया और जानता है कि हमारे लिए सबसे अच्छा क्या है। वह चाहता है कि हम उन पर भरोसा करें और उसे हमारी जीवन में उनकी योजनाओं को पूरा करने दें। **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	मुख्य पद को सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए - ***रूत 1: 16***
याद करने	निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दोः 1. एलीमेलेक ने बैतलहम छोड़ने का निर्णय क्यों किया? 2. उसका कितने पुत्र थे? 3. कितने महिलाओं ने बैतलहम वापस जाने का फैसला किया? 4. किसने मोआब वापस जाने का निर्णय लिया? 5. नाओमी के साथ यात्रा करना किसने जारी रखा? 6. रूत के फैसले का सबसे अच्छा अंश क्या था? 7. कहानी में कितने फैसले उल्लेख किया गया है? वे क्या थे?

C5 कहानी 2

रूत और बोआज़ - रूत के लिए परमेश्वर की योजना।

	हम सीख रहे हैं कि: 1. परमेश्वर रूत के लिए भला था और उसकी जीवन के लिए उसका योजना पूरा किया। 2. परमेश्वर के पास हमारे जीवन के लिए भी एक योजना है। **मुख्य पद : *रूत 4: 13*** **बाइबल अनुभाग : *रूत 2-4***
पहचान कराने	पिछली कहानी के मुख्य बिंदुओं की समीक्षा करें। फसल के समय के बारे में बात करो। क्या आप कुछ फसलों का नाम दे सकते हैं? कुछ चित्र / उदाहरण दिखाएं। इनका कटाई कैसे किया जाता है इसके बारे में बात करें। बाइबल के समय में, कोई यंत्र नहीं था। फसल काटने के लिए दरांती नामक बड़े चाकू का इस्तेमाल किया जाता है। गरीब लोग जिन्हे बटोरनेवाला बुलाते थे उन्हें कटाई करने वालों की पीछा करने और जो भी पूले उनके हाथों से गिरता था उसे उठाने की इजाजत दिया जाता था।
सिखाने	1. जब रूत और नाओमी बैतलहम पहुंचे तो जौ कटाई का समय था। नाओमी और खुद के लिए भोजन प्रदान करने के लिए रूत ने एक बटोरनेवाली के रूप में काम करना चाहती थी। चर्चा करें कि कड़ी मेहनत और एक अजनबी होने के नाते रूत ने कैसे महसूस किया होगा। खेत के मालिक बोअज़ ने जब रूत के साथ विशेष रूप से दयालुता के साथ पेश आया तो शायद रूत आश्चर्यचकित हुई होगी। बोअज़ ने उससे अपने दासियों के साथ उसी खेत में रहने के लिए कहा और प्यासा होने पर पानी पीने का भी अनुमति दिया। ***(रूत 2: 8,9)*** 2. रूत उलझा हुई थी कि बोअज़ एक विदेशी के लिए इतना दयालु क्यों होगा, लेकिन बोअज़ ने समझाया कि वह पहले से ही उसके बारे में सुना था। बच्चों से पूछें कि उन्होंने उसके बारे में क्या सुना होगा। बोअज़ जानता था कि रूत परमेश्वर पर भरोसा करती थी। रूत की देखभाल करने के लिए परमेश्वर बोअज़ का उपयोग कर रहा था। ***(रूत 2: 10-17)*** बाद में, बोअज़ ने रूत के लिए दोपहर का भोजन प्रदान किया, और पुरुषों को यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा कि वे उसको उठाने के लिए अतिरिक्त जौ छोड़ दिया करें। 3. बच्चों से पूछो कि जब वह उस शाम घर जाने के बाद नाओमी से क्या कही होगी। समझाओ कि नाओमी जानती थी कि बोअज़ के सभी कार्य रूत के लिए परमेश्वर की दयालुता थी ***(रूत 2: 18-23)*** 4. कहानी के अंत का सारांश ***(रूत 3 : 4)*** यह बताकर करें कि परमेश्वर को रूत के जीवन के लिए और अच्छी योजनाएं थीं। जल्द ही वह और बोअज़ विवाहित हुए। बाद में रूत को एक बच्चा हुआ जिसका नाम ओबेद रखा गया। समझाओ कि वह महान राजा दाऊद का दादा था। इस बारे में बात करें कि इस खुश घटनाओं ने रूत और नाओमी को कैसे प्रभावित किया - अतीत के साथ तुलना करें। बच्चों को यह देखने में मदद करें कि ***रूत 1:16*** में परमेश्वर का चयन करने का रूत कि निर्णय सही था। समझाओ कि जब हम परमेश्वर पर भरोसा करते हैं, परमेश्वर हमारे लिए अपनी अच्छी और सही योजना पूरा करेगा। **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	मुख्य पद को सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए - ***रोमियों 8: 28*** रूत ने जो फैसले लिए और यहां तक कि मुश्किल चीजें जो उसके साथ हुईं (दूसरे देश में एक अजनबी होने के नाते) उसका इस्तेमाल किया, ताकि रूत के लिए उनकी अच्छी योजना पूरी हो जाए।
याद करने	**1. स्तर 1 -** कहानी के बारे में कुछ बुनियादी सही / गलत बयान यहां दिए गए हैं: 2. नाओमी और रूत वसंत के समय में पहुंचे। 3. उन दोनों को खेतों में काम मिला। 4. रूत ने बोअज़ का खेत में काम किया। 5. बोअज़ ने यह सुनिश्चित करके रूत को खाना और पानी दिलाकर उसकी देखभाल किया। 6. नाओमी समझ नहीं पाई कि बोअज़ ने रूत से इतना दयालुता क्यों दिखा रहा था। 7. बाद में बोअज़ ने रूत से विवाह किया और उनको एक बच्चा हुआ। **8. स्तर 2 -** आप इन बयानों पर भी चर्चा कर सकते हैं: 9. जब रूत बैतलहम आई तो उसको एक आसान जिन्दगी मिली। 10. उसके साथ अच्छी चीजें भाग्य के कारण हुईं। 11. परमेश्वर अन्य लोगों का उपयोग हमारे जीवन के लिए उनकी योजनाओं को पूरा करने के लिए करता है। (रूत के जीवन में नाओमी और बोअज़ के प्रभाव पर विचार करें

C5 कहानी 3

हन्ना परमेश्वर से प्रार्थना करती है - परमेश्वर कैसे हमारी प्रार्थना सुनता है।

	हम सीख रहे हैं किः 1. परमेश्वर हन्ना की प्रार्थना सुना और जवाब दिया। 2. परमेश्वर चाहता है की हम भी प्रार्थना करना। **मुख्य पद : *लूका 11: 9*** **बाइबल अनुभाग : *1 शमूएल 1: 1-20***
पहचान कराने	प्रार्थना के बारे में बात करें। बच्चों को प्रार्थना के बारें में समझने का विभिन्न स्तर होंगे। उन्हें बताओ कि प्रार्थना परमेश्वर के लिए हमारा कोई इच्छा सूची नहीं है। बल्कि परमेश्वर हमारे स्वर्गीय पिता हैं और हमें वह देना चाहता है जो वह जानता है वह हमारे लिए सबसे उत्तम है। परमेश्वर से बात करने में सक्षम होना यह जानकर कि वह सुन रहा है इसका आश्चर्य व्यक्त करें। स्तर 2 के साथ आप एक उचित प्रार्थना सूची में उल्लिखित कुछ वस्तुओं को देख सकते हैं।
सिखाने	1. उस स्थिति की व्याख्या करें जहाँ हन्ना ने खुद को पाया ***(1 शमूएल 1: 1,2)*** 2. हर साल एल्काना अपने परिवार को शीलो नामक एक जगह पर एक विशेष यात्रा पर ले जाय करता था। यहां वे परमेश्वर की आराधना कर सकते थे। लेकिन इस बार, हन्ना बहुत परेशान थी क्योंकि पनिन्ना ने उसे बेऔलाद होने पर पीड़ा दे रही थी। वह रो रही थी और कुछ खाना नहीं चाहती थी। हन्ना ने सबसे अच्छी चीज किया। उसने परमेश्वर से प्रार्थना करने का फैसला किया। समझाओ कि हम परमेश्वर से हमारी चिंताओं और समस्याओं के बारे में बात कर सकते हैं। ***(1 शमूएल 1: 3-7)*** 3. प्रार्थना करते वक्त हन्ना ने परमेश्वर से वादा किया कि अगर परमेश्वर ने उसे एक बेटा दिया तो उसे उसके जीवन भर के लिए यहोवा को अर्पण करेगी। कोई और भी उसे प्रार्थना करते हुए देख रहा था! एली पुरोहित ने हन्ना को रोते हुए देखा, लेकिन उसने देखा की उसकी होंठ हिल रही थी लेकिन कोई शब्द सुनाई नहीं दे रहा था। एली ने सोचा कि वह नशे में है। हन्ना ने एली को समझाया कि वह बहुत दुखी थी, और वह परमेश्वर से प्रार्थना कर रही थी। इस बारे में बात करें कि हम अपने दिल से हन्ना की तरह कैसे प्रार्थना कर सकते हैं। हमें ज़ोर से बात करने की भी आवश्यकता नहीं है। परमेश्वर हमारी प्रार्थनाओं कि सही मतलब जानता है। ***(1 शमूएल 1: 9-16)*** 4. तब एली ने हन्ना से कहा, ‘कुशल से चले जा; इस्राएल का परमेश्वर तुझे मन चाहा वर दे।‘ बच्चों से यह अनुमान लगाने के लिए कहें कि हन्ना अब कैसा महसूस कर रही होगी। और जब हम परमेश्वर को हमारी समस्याएँ को सौंपते हैं तब जो अंतर होते है उसके के बारे में बात करें। ***(1 शमूएल 1: 17,18)*** 5. कुछ समय बाद परमेश्वर ने हन्ना की प्रार्थना का उत्तर दिया। उसने एक पुत्र को जन्म दिया। उसने उसका नाम शमूएल रखा जिसका अर्थ है ‘मैं ने यहोवा से माँगकर इसे पाया हैं’ हन्ना यह नहीं भूली कि शमूएल उसकी प्रार्थना का उत्तर था ***(1 शमूएल 1: 19, 20)*** हमें हमेशा हमारी प्रार्थनाओं का उत्तर देने के लिए परमेश्वर का शुक्रिया अदा करना चाहिए। **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	मुख्य पद को सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए: ‘माँगो, तो तुम्हें दिया जाएगा; ढूंढों, तो तुम पाओगें’ समझाओ कि ये शब्द यीशु ने कहा था। वह हमें आशीर्वाद देना चाहता है। सबसे ज्यादा, हमें अपने पापों से बचाकर, वह हमें उद्धार का उपहार देना चाहता है।
याद करने	निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दोः 1. एल्काना ने हर साल अपने परिवार को कहाँ ले गया? 2. हन्ना इतना परेशान क्यों थी? 3. हन्ना क्या नहीं करना चाहती थी? 4. किसने हन्ना कि प्रार्थना सुनी? 5. हन्ना ने क्या वादा किया? 6. किसने हन्ना को प्रार्थना करते हुए देखा? 7. प्रार्थना करने के बाद हन्ना को कैसा लगा? 8. उसने अपने बच्चे को क्या नाम दिया?

C5 कहानी 4

शमूएल ने परमेश्वर की पुकार सुना - परमेश्वर शमूएल से बात करता है।

	हम सीख रहे हैं कि: 1. शमूएल ने परमेश्वर की बुलावे का जवाब दिया। 2. हमें भी व्यक्तिगत रूप से परमेश्वर को जवाब देने की जरूरत है। **मुख्यपद : *1 शमूएल 3: 9*** **बाइबल अनुभाग : *1 शमूएल 1: 21 - 3: 21***
पहचान कराने	'पुकारने और जवाब देनें' के बारे में समझने के लिए बच्चों दे साथ कुछ सरल खेल खेले।
सिखाने	1. पिछ्ले पाठ में हन्ना द्वारा किए गए वादे की समीक्षा करें। समझाओ कि शमूएल अभी भी एक जवान लड़का था फिर भी हन्ना ने अपना वादा रखा। उसने शमूएल को शीलो ले गया। फिर, हन्ना ने परमेश्वर से प्रार्थना की; इस समय, परमेश्वर उनके लिए जो कुछ था उसके बारें में ख़ुशी की प्रार्थना थी। ***(1 शमूएल 1: 24 - 2: 11)*** 2. छोटा शमूएल ने परमेश्वर की सेवा करने लगा। समझाओ कि शमूएल एक विशेष कर्तव्य के साथ भेजा गया विशेष बच्चा था। परमेश्वर ने शमूएल के जीवन की योजना बनाई थी। हन्ना शमूएल के बारे में नहीं भूली। हर साल जब वह उसके परिवार के साथ उससे मुलाकात करने जाते समय एक नया बागा बनाकर ले जाया करती थी। बात करो की यह उन दोनों के लिए कितनी ख़ुशी की समय हुई होगी। जैसे शमूएल बड़ा होने लगा उसकी जीवन से परमेश्वर और लोग प्रसन्न रहते थे। बच्चों से पूछो की जैसे वे बड़े होते हैं क्या उनके जीवन से वे परमेश्वर को प्रसन्न करते है। ***(1 शमूएल 2: 18, 21,26)*** 3. एक रात शमूएल बिस्तर पर सो रहा था जब उसने किसी को अपना नाम पुकारते हुए सुना। शमूएल ने सोचा कि यह एली पुरोहित था और उसके पास गया। लेकिन एली ने शमूएल से कहा कि उसने उसे नहीं बुलाया था। और उससे वापस जाकर सोने के लिए कहा। बताओ कि फिर से ऐसा हुआ और बच्चों को कल्पना करने के लिए कहे की शमूएल अब कैसा महसूस कर रहा होगा। जब शमूएल ने अपना नाम तीसरा बार सुना, वह फिर एली के पास गए लेकिन इस बार एली को पता चला कि शमूएल को कौन बुला रहा था। यह परमेश्वर था। एली ने शमूएल से कहा कि फिर से उसका नाम सुनने पर जवाब देना, 'हे यहोवा कह, क्योंकि तेरा दास सुन रहा है' ***(1शमूएल 3: 1-9)*** 4. अपने बिस्तर में वापस जाने के बाद शमूएल ने अपना नाम चौथा बार सुना। शमूएल ने परमेश्वर को वैसा ही उत्तर दिया जैसे एली ने उससे कहने के लिए कहा था। अपने जीवन में इस वक्त तक शमूएल को परमेश्वर के बारे में पता था, लेकिन वह उसे व्यक्तिगत रूप से नहीं जानता था। जब शमूएल को पता चल कि परमेश्वर उसे बुला रहा था उसने सही तरीके से जवाब दिया। उस रात परमेश्वर ने शमूएल को एली के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। यह शमूएल को परमेश्वर से एक भविष्यवक्ता के रूप में प्राप्त किया कई संदेशों में से पहला था। ***(1शमूएल 3: 10 -21)*** 5. परमेश्वर शमूएल को नाम से जानता था। वह हमें भी नाम से जानता है। और अपने पुत्र को हमारे प्रभु और उद्धारकर्ता के रूप में प्राप्त करने के लिए हमें बुलाते है। समझाओ कि हमारे लिए परमेश्वर का आह्वान श्रव्य नहीं है, लेकिन जब हम बाइबल पढ़ते हैं तो पवित्र आत्मा हमें इस के बारें में स्पष्ट करती है। बच्चों को सही तरीके से जवाब देने की आवश्यकता के बारे में चुनौती दें। **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	मुख्य पद को सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए - ***1 शमूएल 3: 9***
याद करने	निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दो: 1. हन्ना ने शमूएल को काम करने के लिए कहाँ ले गया? 2. वह हर साल उसे क्या लाती थी? 3. शमूएल के जीवन से कौन प्रसन्न थे? 4. शमूएल के साथ कौन काम करता था? 5. परमेश्वर ने कितने बार शमूएल को बुलाया? 6. शमूएल को परमेश्वर को क्या जवाब देना था? 7. क्या परमेश्वर हमारे नाम जानते हैं? 8. जब परमेश्वर हमें बुलाते है तो हमें क्या करना चाहिए?

C6 कहानी 1

दाऊद - दाऊद को इस्राएल के नए राजा चुना जा रहा है।

	हम सीख रहे हैं कि: 1. परमेश्वर ने दाऊद को इस्राएल के राजा चुनने के लिए शमूएल से कहा। 2. परमेश्वर हमारे व्यक्तित्व में रुचि रखते हैं जो हम हैं - न की हमारे दिखावे पर। **मुख्य पद : *1 शमूएल 16: 7*** **बाइबल अनुभाग : *1 शमूएल 16: 1 - 13***
पहचान कराने	आज की कहानी में शमूएल परमेश्वर के लिए एक रहस्य कर्तव्य पर था। बच्चों से पूछें कि वे खुद का वर्णन कैसे करेंगे। ऊंचाई, बाल रंग, आकार आदि। आज की कहानी में परमेश्वर कहते हैं कि हमारे बाहरी दिखावे से अधिक महत्वपूर्ण हमारे व्यक्तित्व है।
सिखाने	1. इस्राएल के लिए एक नया राजा खोजने के लिए परमेश्वर एक रहस्य कर्तव्य पर शमूएल को भेजता हैं। जो भी उसे लोगों से कहना है उसे बताने के लिए परमेश्वर ने शमूएल को एक भविष्यवक्ता के रूप में चुना। परमेश्वर के पहले राजा, शाऊल से परमेश्वर खुश नहीं था, क्योंकि उसने परमेश्वर की अवज्ञा की थी ***(1शमूएल 15:11)*** शाऊल के बारे में शमूएल परेशान था, लेकिन परमेश्वर ने उसे दुखी न होने के लिए कहा। इसके बजाय, वह एक सींग में जैतून तेल लेकर बैतलहम निवासी यिशै, जिसका आठ पुत्र का उसके पास जाना था। कहें कि परमेश्वर पद में में क्या है ***(1 शमूएल 16:1)*** 2. शमूएल चिंतित था। राजा शाऊल अभी भी जीवित था। और शमूएल को डर था कि अगर उसको पता चला कि शमूएल राजा बनने के लिए चुना गया है तो शाऊल गुस्से में होकर उसका हत्या करने की कोशिश कर सकता है। परमेश्वर ने शमूएल से यिशै और उसके बेटे को खोजकर एक साथ परमेश्वर की आराधना करने के लिए कहा। तब उसे बताया जाएगा कि नए राजा के रूप में किसे चुनना था। शमूएल ने आदेश का पालन किया। अगर हम परमेश्वर से प्यार करते हैं तो हमें बाइबल द्वारा वे जो कहते हैं उन आदेशों का पालन करना चाहिए। ***(1 शमूएल 16: 2,3)*** 3. जब शमूएल बैतलहम पहुंचे शहर के पुरनिये डर गए थे और पूछा कि क्या वह बुरी खबर लाने आया है। शमूएल ने समझाया कि वह यिशै और उसके बेटों के साथ परमेश्वर की आराधना करने आया था। उसने उन्हें नहीं बताया कि वह यिशै के पुत्र में से एक नया राजा बनाने आया था। वह यह नहीं चाहता था कि राजा शाऊल इसके बारें में जाने। ***(1 शमूएल 16: 4,5)*** 4. वर्णन करें कि ***1 शमूएल 6:6-11*** में क्या होता है, ज़ोर दे कि परमेश्वर पद 7 में क्या बताया है। परमेश्वर को फर्क नहीं पड़ता कि एक व्यक्ति बाहर से कैसे दिखता है। परमेश्वर हमारे व्यक्तित्व को देखता हैं। 5. दाऊद एक स्वस्थ युवा व्यक्ति था जिसने अपने अधिकांश समय अपने पिता की भेड़ की देखभाल करता था। कहो कि परमेश्वर ने पद 12 में शमूएल से क्या कहा। शमूएल ने दाऊद के सिर पर कुछ जैतून का तेल डाला एक इशारा के रूप में वह एक दिन राजा बनेगा। उस दिन से परमेश्वर दाऊद के साथ था। परमेश्वर जानता था कि दाऊद किस प्रकार का व्यक्ति था। वह यिशै के के बेटों में सबसे छोटा था, लेकिन वह ही इस्राएल के अगले राजा होने के लिए सही व्यक्ति के रूप में चुना गया था। समझाओ कि परमेश्वर यह भी जानता है कि हम किस प्रकार के व्यक्ति हैं। परमेश्वर हमारे ऊंचाई, रूप-रंग आदि नहीं देखता। वह इसमें दिलचस्पी लेता है कि हम उसे और उसके पुत्र, यीशु से प्यार करते हैं या नहीं। ***(1 शमूएल 16: 12,13)*** **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	मुख्य पद को सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए - ***1 शमूएल 16: 7***
याद करने	निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दो: 1. इस्राएल का पहला राजा कौन था? 2. परमेश्वर ने एक नया राजा खोजने के लिए किसको चुना? 3. वह कहाँ गया, और उसे उसके साथ क्या ले जाना पड़ा? 4. शमूएल चिंतित क्यों था? 5. शमूएल को बैतलहम में किसे खोजने के लिए कहा गया था? उसके पास कितने पुत्र थे? 6. क्या आप चुना हुआ पुत्र के अलावा किसी दुसरे पुत्रों का नाम याद कर सकते हैं? 7. वह आखिरी पुत्र कौन था जिसे शमूएल उसके पास लाया जाना चाहता था? 8. शमूएल ने कैसे दिखाया कि दाऊद को एक दिन नया राजा बनना था?

C6 कहानी 2

दाऊद - गोलियत से लड़ने के लिए तैयार दाऊद।

	हम सीख रहे हैं किः 1. दाऊद गुस्सा था कि गोलियत जीवित परमेश्वर की सेना का मजाक उड़ा रहा था। 2. परमेश्वर ने दाऊद को गोलियत से लड़ने के लिए साहस दिया। दाऊद जानता था कि परमेश्वर विजय देंगे। **मुख्यपद : *1 शमूएल 17: 26*** **बाइबल अनुभाग : *1 शमूएल 17: 1-31***
पहचान कराने	दाऊद को एक मुश्किल चुनौती का सामना करना पड़ रहा था। बच्चों को गोलियत के साथ अपनी ऊंचाई को मापने के लिए कहे।
सिखाने	1. इस्राएल और राजा शाऊल पलिश्तियों के साथ युद्ध में थे। बच्चों को याद दिलाएं कि इस्राएलियों परमेश्वर के विशेष लोग थे। और अतीत में कई बार जब उन्होंने उन पर भरोसा किया था तब उन्होंने सेना को लड़ाई जीतने में मदद की थी। इस्राएलियों ने एक पहाड़ी पर डेरा डाला और एक दूसरे पहाड़ी पर पलिश्तियों भी। पलिश्तियों परमेश्वर से प्यार या भरोसा नहीं करते थे। दोनों सेनाओं के बीच लड़ाई करने के बजाय पलिश्तियों ने अपने शूरवीर सैनिक, गोलियत को भेजा। इस्राएल की सेना को चुनौती देने के लिए हर दिन वह चिल्लाता था, 'तुम ने यहाँ आकर लड़ाई के लिये क्यों पाँति बाँधी है?' गोलियत के कद और कवच का वर्णन करें। (पद 4 और 7) राजा शाऊल और उनकी सेना डर गई थी। कोई भी गोलियत से लड़ने की हिम्मत नहीं करता था। ***(1 शमूएल 17: 1-11)*** 2. दाऊद के तीन सबसे बड़े भाई इस्राएल की सेना में थे। उनके नाम दोबारा दोहराएं, और कैसे परमेश्वर ने इन तीन सबसे बड़े बेटों को नहीं चुना। इस्राएल के अगले राजा होने के लिए जब दाऊद प्रतीक्षा कर रहे थे, वह अपने पिता की भेड़ों की देखभाल करने के लिए वापस चला गया। एक दिन, यिशै ने दाऊद को सेना में लड़ रहे अपने भाइयों के लिए कुछ खाना लेने के लिए कहा। वर्णन करें कि कैसे दाऊद उस वक्त पहुंचा जब सेना युद्ध के लिए तैयार हो रहे थे और गोलियत किसी से लड़ने आगे आने के लिए ललकार रहा था। इस्राएली सेना डर में भाग गया। राजा शाऊल ने गोलियत से लड़कर जीतने वाले व्यक्ति को एक बड़ा इनाम का वादा किया। ***(1 शमूएल 17: 12-25)*** 3. दाऊद गोलियत से नाराज़ था क्योंकि गोलियत इस्राएली सेना का मजाक उड़ा रहा था। उसने कहा, 'वह खतनारहित पलिश्ती क्या है कि जीवित परमेश्वर की सेना को ललकारे?' दाऊद बहुत नाराज़ था क्योंकि कोई भी इस भीमकाय व्यक्ति से लड़ने के लिए तैयार नहीं था। वह जानता था कि परमेश्वर उन्हें जीत देगा और वे गोलियत को मारने में सक्षम होंगे। पद 28 में एलीआब की प्रतिक्रिया बताओ। जब राजा शाऊल ने सुना कि क्या दाऊद ने क्या कहा था तो उसने दाऊद को मिलने के लिए बुलाया। ***(1 शमूएल 17: 26-31)*** 4. अगर वे उन पर भरोसा करते थे तो परमेश्वर ने इस्राएलियों की देखभाल करने का वादा किया। पलिश्ती लकड़ी और पत्थर से बने देवताओं की पूजा करते थे। लेकिन दाऊद ने जीवित परमेश्वर पर भरोसा किया। वह जानता था कि परमेश्वर उस व्यक्ति को जीत दिलाएगा जो गोलियात से लड़ने के लिए आगे आएगा। अगर हम जीवित परमेश्वर से प्यार करते हैं तो वह हमारी तरफ होकर हमारी देखभाल करेगा। **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	मुख्य पद को सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए - ***1 शमूएल 17: 26*** अन्यजाती शब्द का अर्थ समझाओ - जो लोग यहूदी नहीं है और जो जीवित परमेश्वर को नहीं अन्य देवताओं की पूजा करते थे।
याद करने	निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दोः 1. राजा शाऊल और इस्राएलियों के साथ युद्ध में कौन थे? 2. उनके बहादूर सैनिक का नाम क्या था? 3. वह कितना लंबा था? उसके कवच के विभिन्न भागों का नाम दो? 4. इस्राएली सेना के लिए उनकी चुनौती क्या थी? 5. जब उनके भाई सेना में थे, दाऊद क्या कर रहे थे ? 6. उसके पिता ने उसे क्या काम के लिए भेजा था? उसने क्या खाना लेकर गया? 7. जब दाऊद सेना शिविर में पहुंचे तो उसने क्या सुना? 8. उसको कैसा लगा? वह गुस्सा क्यों था? 9. दाऊद के लिए कौन बुलावा भेजा?

C6 कहानी 3

दाऊद - दाऊद गोलियत को हारते है।

	हम सीख रहे हैं कि: 1. दाऊद गोलियत से लड़कर उसे मारते है। 2. परमेश्वर ने दाऊद को साहस और जीत दिया। **मुख्यपद : *1 शमूएल 17: 47*** **बाइबल अनुभाग : *1 शमूएल 17: 32-51***
पहचान कराने	C 6, पाठ 2 की कहानी दोबारा दोहराएं। बच्चों को उन चीजों के बारे में पूछें जो उन्हें डराते हैं। दाऊद को गोलियत से लड़ने में डर नहीं था, क्योंकि वह जानता था कि परमेश्वर उसके साथ था।
सिखाने	1. दाऊद राजा शाऊल के सामने खड़ा था। पद 32-33 बातचीत के बारें में चर्चा करे। दाऊद को पता था कि गोलियत से डरने की कोई जरूरत नहीं थी क्योंकि परमेश्वर इस्राएल की सेना के पक्ष में था। शाऊल ने सोचा की दाऊद बहुत छोटा था, और एक सेना में अभी तक लड़ा नहीं था। लेकिन दाऊद खतरों से वाकिफ था। अपने पिता की भेड़ों की देखभाल करते समय उन्होंने परमेश्वर की मदद से शेरों और भालू से सफलतापूर्वक लड़ा था। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप जवान हैं या नहीं, परमेश्वर आपको महत्वपूर्ण चीजों को करने में मदद कर सकते हैं। पद 34-47 में दाऊद जो कहते हैं उसके बारें में चर्चा करें। दाऊद को विश्वास था कि परमेश्वर उसे गोलियत द्वारा मारे जाने से बचाएंगे। ***(1 शमूएल 17: 32-37)*** 2. राजा शाऊल इस बात पर सहमत हुए कि दाऊद को जाकर गोलियत से लड़ना चाहिए। बच्चों को शाऊल के कवच पहन कर चलने का कोशिश कर रहे दाऊद के बारें में कल्पना करने के लिए कहे और उसके वजन के कारण चलने में असफल होने के बारे में बताएं। दाऊद ने राजा से कहा कि वह उस कवच में लड़ नहीं सकता था और उसे निकाल दिया। व्याख्या करें कि उसने पद 40 में क्या किया था। पांच चिकनी पत्थर उठाकर अपने थैली में रखा। ***(1 शमूएल 17:38-40)*** 3. वर्णन करें कि कैसे गोलियत दाऊद की ओर चला और बिना किसी कवच, सिर्फ एक गोफन लिए इस जवान लड़के पर हँसने लगा। दाऊद को डर नहीं था, वह जानता था कि परमेश्वर उसके साथ था। उसने गोलियत से कहा, 'मैं सेनाओं के यहोवा के नाम से तेरे पास आता हूँ, जो इस्राएली सेना का परमेश्वर है।'संक्षेप में दहराओं कि कैसे पलिश्तियों जीवित परमेश्वर की आराधना नहीं करते लेकिन वे पत्थर और लकड़ी के देवताओं की पूजा करते थे। संक्षेप में बताओं की पद 46-47 में दाऊद ने क्या कहा था। दाऊद ने स्पष्ट किया कि वह गोलियत को उसकी शक्ति से नहीं लेकिन परमेश्वर की शक्ति से हराएगा। वह जानता था कि परमेश्वर उसके पक्ष में था। ***(1 शमूएल 17: 41-47)*** 4. तुरंत, दाऊद ने अपना हाथ अपने थैली में डाला, एक पत्थर निकाला और इसे एक गोफन में रखा, चारों ओर घुमाया और विशालकाय मनुष्य के माथे के बीच में मारने के लिए पत्थर फेका। 3 मीटर लंबा विशालकाय मनुष्य नीचे गिर गया। दाऊद ने गोलियत की तलवार का इस्तेमाल करके उसे मारा। जब पलिशती सेना अपने नायक गोलियत का मरा देखा तो वे भाग गए। परमेश्वर ने दाऊद और इस्राएली सेना को जीत दी थी। ***(1 शमूएल 17: 48-51)*** 5. दाऊद ने उसे जीत दिलाने के लिए परमेश्वर पर भरोसा किया। समझाओ कि हमें भीमकाय व्यक्ति से लड़ना नहीं है। हमारा दुश्मन शैतान है जो चाहता है कि हम गलत काम करे। हमें अपने जीवन में गलत काम करने के खिलाफ लड़ना है। अगर हम परमेश्वर से प्यार करते हैं और उससे हमारे पाप को क्षमा करने के लिए कहा है तो वह हमारी तरफ होगा। अगर हम परमेश्वर से प्रार्थना करें तो वह हमें गलत काम न करके उसे प्रसन्न करता जीवन जीने में मदद करेगा। **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	मुख्य पद को सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए - ***1 शमूएल 17: 47*** समझाओं की यह शब्द दाऊद ने गोलियत से कहा था।
याद करने	निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दो: 1. राजा शाऊल क्यों सोचते थे कि दाऊद गोलियत से लड़ने के लिए अनुपयुक्त था? 2. क्या आप शाऊल के कवच के सामान याद कर सकते हैं जिसे उन्होंने दाऊद को दिया था? 3. इसके बजाय दाऊद ने क्या उपयोग किया? 4. जब वे मिले तो दाऊद ने गोलियत से क्या कहा? 5. गोलियत को गिराने के लिए दाऊद ने कितना पत्थर इस्तेमाल किया? 6. जब गोलियत मर गया तो पलिश्ती सेना ने क्या किया? 7. किसकी शक्ति ने गोलियत को हराया? 8. हमारा दुश्मन कौन है? कौन हमें गलत चीजें न करने में जीत देगा?

C6 कहानी 4

दाऊद - राजा शाऊल को दाऊद से ईर्ष्या होता है।

	हम सीख रहे हैं कि: 1. जब राजा शाऊल ने देखा कि दाऊद कितना प्रसिद्ध था वह उसे मारने की कोशिश किया। 2. परमेश्वर ने दाऊद को शाऊल से संरक्षित रखा। **मुख्यपद : *1 शमूएल 18: 14*** **बाइबल अनुभाग : *1 शमूएल 18: 1-16***
पहचान कराने	बच्चों से ईर्ष्या के उदाहरणों के बारें में पूछें। ईर्ष्या लोगों को बुरी चीजें करवाता है। बच्चों को आधुनिक और प्राचीन संगीत वाद्ययंत्रों का उल्लेख करने के लिए कहें।
सिखाने	1. दाऊद एक नायक था! भीमकाय व्यक्ति, गोलियत की हत्या के बाद राजा शाऊल ने दाऊद से बहुत प्रसन्न हुए और वह राजा शाऊल के साथ महल में रहने के लिए चला गया। दाऊद और राजा का पुत्र, योनातान अच्छे दोस्त बन गया। उन्होंने हमेशा के लिए दोस्त रहने का वादा किया। योनातान ने दाऊद को अपनी दोस्ती की मजबूती दिखाने के लिए कुछ उपहार दिए। बच्चों के सबसे अच्छे दोस्तों के बारे में बात करने के लिए कहे। बुरे वक्त में भी हमारे साथ रहने वाले दोस्त मिलना बड़ा सौभाग्य है। ***(1 शमूएल 18: 1-4)*** 2. राजा शाऊल की सेना में दाऊद एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गया। जो भी शाऊल ने उसे करने के लिए दिया, उसने अच्छा तरह से किया। उसके साथी सैनिक और इस्राएली उससे प्रसन्न थे। गोलियत को मारने के बाद, दाऊद और राजा शाऊल यरूशलेम लौट आए। महिलाएं अपने डफ पर बांसुरी के साथ बाहर सड़कों पर आईं, बताएं कि उन्होंने क्या गाना गाकर नृत्य किया। ***(1 शमूएल 18: 5-7)*** 3. आपको क्या लगता है की इसे यह देखने पर कौन गुस्से में था? वह दाऊद के इतने ईर्ष्या करने लगा कि वह उसे मारना चाहता था। क्रोध और ईर्ष्या लोगों को बुरी चीजें करने का कारण बनती है। बाइबल में, परमेश्वर ने हमें अन्य लोगों से ईर्ष्या रखने के बारे में चेतावनी दी है ***(निर्गमन 20: 17)*** राजा शाऊल ने दाऊद को मारने का मौका देखा। हर दिन, दाऊद महल में अपना वीणा बजाता था। और आम तौर पर संगीत राजा शाऊल को शांत रखता था। और उसका गुस्सा चले जाता। लेकिन समझाओ कि अगले दिन क्या हुआ जब दो बार उसने दाऊद को मारने के लिए कोशिश किया। शाऊल दाऊद से डर गया था क्योंकि उसने देख कि परमेश्वर उसकी देखभाल कर रहा था। उसने देखा कि दाऊद के लिए सब कुछ सही हो रहा है लेकिन खुद के लिए नहीं ***(1 शमूएल 18: 8-12)*** 4. राजा शाऊल ने दाऊद को 1000 पुरुषों के प्रभारी रखा और उसे युद्ध के लिए भेज दिया। उन्होंने सोचा कि युद्ध में दाऊद की मौत हो जाएगी ***(1 शमूएल 18:17)*** लेकिन परमेश्वर ने उसकी देखभाल की और परमेश्वर ने उसे सब कुछ में सफलता दिया। राजा शाऊल कि ईर्ष्या और डर बढ़ने लगा। लेकिन लोगों को दाऊद पसंद था, क्योंकि वह सेना का एक सफल नेता था। ***(1 शमूएल 18: 13-16)*** 5. दाऊद परमेश्वर से प्यार किया और परमेश्वर ने उसे हानि से बचाया। एक दिन वह इस्राएल का अगला राजा होगा। अगर हम परमेश्वर से प्यार करते हैं और बाइबल में जो कहते हैं उसका पालन करें तो परमेश्वर हमारी देखभाल करेंगे। **बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें।**
सीखने	मुख्य पद को सिखाए और उसका व्याख्या कीजिए - ***1 शमूएल 18:14***
याद करने	निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दो: 1. गोलियत को पराजित करने के बाद दाऊद कहाँ रहते थे? 2. कौन दाऊद के सबसे अच्छे दोस्त बन गए? उसका पिता कौन था? 3. महिलाओं ने दाऊद के बारे में क्या गाना गाया? 4. कौन गुस्सा और ईर्ष्या में था? 5. शाऊल ने क्या करने की कोशिश की? कैसे? 6. शाऊल दाऊद से क्यों डरता था? 7. उसने दाऊद को कहाँ भेजा? क्या वहां उसे नुकसान पहुंचाया गया था? 8. एक ईसाई बनने पर कौन हमें प्यार करके हमारा रक्षा और देखभाल करेगा?

पाठ को अंकन करने शिक्षको केलिए मार्गदर्शन

लेवल 1 पाठः

- हर हफ्ते एक/दो पन्ने को मुख्य रूप से रंग भरने या सवालों के जवाब देने।
- हर हफ्ते 10 अंक निर्धारित किए है और एक महीने में अधिकतम 40 अंक।
- लेवल 1 के बच्चों को अक्सर पढने में तकलिफ हो सकता है इसलिए हम चाहते है कि माता-पिता/ रक्षक/शिक्षक उनके सहायता करे।
- हम हर सवाल केलिए 2 अन्क निर्धारित किए है और शेष अन्क रंग भरने केलिए ऐक अध्याय केलिए 10 अन्क।

लेवल 2 पाठः

- हर हफ्ते 4 पन्ने।
- कहानी पाठ में ही निहित है। बच्चों को पहेली सुलझाने, रंग भरने, मुख्य पद को पूरा करना है।
- 20 अन्क हर हफ्ते केलिए निर्धारित है और एक महीने केलिए अधिकतम 80 अन्क।

बाइबल टाइम के मार्किन्ग

निर्देशः

शिक्षक पहलेः

- पाठ को जाँच कर चिन्हित करे।
- निर्देश अनुसार आवश्यक अन्क है।
- गलत जवाब के पास चिन्हित करे और सही जवाब भी लिखे।
- आन्शिक रूप से सही उत्तर केलिए एक अन्क दे।
- एक महीने के कुल अन्क के दिए हुए जगह में लिखो।

© Bible Educational Services 2020
www.besweb.com